पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 265 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 21 जनवरी 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## उत्तराखंडः खटीमा से ताल ठोकेंगे सीएम धामी

### विस उपाध्यक्ष सहित दस विधायकों का कटा टिकट, खंडूडी की बेटी भी शामिल, सभी मंत्रियों का टिकट बरकरार

**नई दिल्ली/देहरादून**

उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा चुनाव-2022 के लिए मौजूदा 10 विधायकों का टिकट काट दिया है। अभी कुल 59 उम्मीदवारों के नामों घोषित किया गया है जबकि 11 विधानसभाओं में उम्मीदवारों के नाम की घोषणा करनी बाकी है। कुछ सीटों पर विधायक के बेटे और पत्नी पर भी दांव आजमाया गया है। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के अलावा मंत्रियों को परंपरागत सीट से ही उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा हाईकमान की ओर से प्रदेश की 70 में विधानसभाओं में से अभी 59 विधानसभा सीटों की आज पहली सूची दिल्ली से जारी की गई। इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को खटीमा से तो प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक हरिद्वार से चुनाव चुनाव लड़ेंगे। पुष्कर सिंह धामी खटीमा से दो बार विधायक रहे हैं। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सरिता आर्या इसी हफ्ते भाजपा में शामिल हुई थीं। उनको भी नैनीताल से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही पुरोला से दुर्गेश्वर लाल को टिकट मिला है। यहां से कांग्रेस विधायक राजकुमार कुछ माह पहले भाजपा में शामिल हुए थे, उनको अब पौड़ी सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह के खिलाफ इस बार गायक जुबिन नौटियाल के पिता राम शरण नौटियाल को चकराता विधानसभा से चुनाव मैदान में उतारा गया है। भाजपा ने वर्ष 2017 में विकास नगर से मुन्ना सिंह चौहान और उनकी पत्नी मधु चौहान को चकराता से मैदान में उतारा था। इसमें मुन्ना सिंह चौहान तो जीत गए थे, लेकिन उनकी पत्नी बहुत ही कम वोटों के अंतर से हारी थीं। वर्तमान में मधु चौहान देहरादून जिला पंचायत की अध्यक्ष






हैं। इस बार जातीय संतुलन को साधने के लिए पार्टी ने 59 में से 15 ब्राह्मण चेहरों को उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा तीन वैश्य चेहरों को भी टिकट दिया है। अन्य समाज के प्रतिनिधियों को भी उम्मीदवार बनाया गया है।

**इनका कटा टिकटः** सिटिंग विधायक थराली से मुन्नी देवी का टिकट काटकर भोपाल राम टमटा और कर्णप्रयाग विधायक सुरेन्द्र सिंह नेगी के स्थान पर अनिल नौटियाल को उम्मीदवार बनाया गया है। खानपुर विधायक कुंवर प्रणव सिंह ह्यचैम्पियनह्य के स्थान पर उनकी पत्नी कुंवररानी देवयानी को इस बार पार्टी ने मैदान में उतारा है। यमकेश्वर से पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूडी की बेटी ऋतु खंडूडी भूषण के स्थान पर रेणू विष्ट को टिकट मिला है। पौड़ी से मुकेश सिंह कोली के स्थान पर राजकुमार और गंगोलीहाट से मीना गंगोला के स्थान पर फकीर राम टमटा को टिकट दिया गया है। जबकि द्वाराहाट से महेश सिंह नेगी के स्थान पर अनिल शाही को उम्मीदवार बनाया गया है। महेश नेगी पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। अल्मोड़ा से विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान का पार्टी ने टिकट काटकर कैलाश शर्मा पर दांव खेला है। काशीपुर से हरभजन सिंह चीमा के स्थान पर उनके बेटे त्रिलोक सिंह चीमा को इस बार पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।

### छह महिलाओं को बनाया उम्मीदवार

भाजपा ने मंत्री रेखा आर्य सहित 6 महिला को उम्मीदवार बनाया है। इनमें से कांग्रेस से आई सरिता आर्य और दिवंगत विधायक हरबंश कपूर की पत्नी सविता कपूर, विधायक चैंपियन की पत्नी कुंवररानी देवयानी के अलावा यमकेश्वर से ऋतु खंडूडी के स्थान पर रेणु विष्ट और वर्तमान विधायक चंद्रा पंत का नाम शामिल है।

**टिकट बंटते ही भाजपा में सीटों पर फूटी बगावत की ज्वाला**

कर्णप्रयाग विधानसभा से टिकट न मिलने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता टीका प्रसाद मैखुरी ने पार्टी के विरोध में चुनाव लड़ने का एलान किया है। टिकटों के एलान के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बगावत कर दी है। उन्होंने पार्टी पर दगाबाजी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि मेरे साथ पार्टी ने लगातार धोखा और अन्याय किया है। जिसका प्रतिशोध जनता और मेरे मन में है। मैंने हमेशा पार्टी को अपनी मां के समान समझकर काम किया है। कभी पार्टी से दगाबाजी नहीं की है, लेकिन जिन लोगों ने पार्टी के साथ दगाबाजी की और पार्टी का विरोध किया, उन्हें पार्टी ने आगे किया।

## मैनपुरी के करहल से चुनाव लड़ेंगे अखिलेश

**लखनऊ**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल सीट से चुनाव लड़ेंगे। इस सीट पर 2007 से सपा लगातार जीतती आ रही है। 2017 के चुनाव में मोदी-योगी की लहर के बावजूद यहां सपा प्रत्याशी सोबरन सिंह को 50% वोट मिले थे। हालांकि, अभी आधिकारिक तौर पर न तो पार्टी ने और न ही अखिलेश ने इसकी घोषणा की है। इससे पहले अखिलेश के आजमगढ़ से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। खुद अखिलेश ने कहा था कि आजमगढ़ की जनता से पूछकर वह चुनाव लड़ने का फैसला करेंगे। दरअसल, करहल विधानसभा सैफई के करीब है। यहां सपा मुखिया के परिवार का काफी प्रभाव है। पिछले तीन बार से यहां से सपा के सोबरन यादव विधायक हैं। उनके सिर पर पर



मुलायम का हाथ बताया जाता है। 2017 के चुनाव में सपा उम्मीदवार सोबरन सिंह यादव ने 104221 वोट पाकर भाजपा के राम शाक्य को 38405 वोट से शिकस्त दी थी।

मैनपुरी में सपा के जिला संगठन ने लिखित रूप में सपा मुखिया अखिलेश यादव को करहल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव सौंपा। करहल के सपा विधायक सोबरन सिंह यादव और एमएलसी अरविंद प्रताप सिंह गुरुवार सुबह लखनऊ पहुंचे। उनकी पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात हुई। मुलाकात में सभी ने अखिलेश यादव से अनुरोध किया कि वह करहल विधानसभा से चुनाव लड़ें। जिलाध्यक्ष के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख दिखाया है।

## ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली**

भारत में ही निर्मित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल अब पहले से भी कहीं अधिक मारक क्षमता वाली होगी। बढ़ी हुई क्षमता के साथ इस मिसाइल के नए संस्करण का परीक्षण गुरूवार की सुबह ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की टीमों के साथ ब्रह्मोस एयरोस्पेस के समन्वय में किये गए परीक्षण में मिसाइल ने अपनी अधिकतम सीमा के लिए सभी मिशन को पूरा किया। मिसाइल की यह परिक्षण उड़ान ब्रह्मोस कार्यक्रम को आगे बढ़ने में मील का पत्थर साबित होगी।

## 'तीसरी लहर तक 72 फीसदी का वैक्सीनेशन पूरा'

**नई दिल्ली**

भारत में कोरोना वायरस की तीसरी लहर का कहर जारी है। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के तीन लाख से ज्यादा केस आए हैं। इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोगों के डर को कम करने की कोशिश की। स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि भारत दूसरी लहर के मुकाबले इस बार कोरोना की लहर से निपटने के लिए ज्यादा बेहतर तरीके से तैयार है। उन्होंने आंकड़े रखते हुए कहा कि भारत में पिछले साल यानी 30 अप्रैल 2021 तक सिर्फ दो फीसदी लोगों को वैक्सीन लगी थी, इसलिए



3 लाख 86 हजार केसों के साथ भारत में 3059 लोगों की मौत भी हुई थी। लेकिन इस बार तीसरी लहर में 20 जनवरी तक 72 फीसदी लोगों को कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं। इसलिए केसों की संख्या भले ही 3 लाख 17 हजार से ज्यादा है, लेकिन मौतों का आंकड़ा 380 है।

**दुनिया और भारत में क्या हैं ओमिक्रॉन की लहर से हालात ?:** स्वास्थ्य सचिव ने बताया- वर्तमान में विश्व में कोविड की चौथी लहर देखी जा रही है, पिछले एक हफ्ते में दुनिया में प्रतिदिन 29 लाख मामले दर्ज किए गए। हालांकि, पिछले चार हफ्तों में अफ्रीका में कोविड मामले घट रहे हैं। एशिया में कोविड मामले बढ़े हैं। यूरोप में भी मामले घट रहे हैं। उन्होंने भारत के हालात बताते हुए कहा, "भारत में वर्तमान में लगभग 19 लाख सक्रिय मामले हैं, पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन लगभग 2,71,000 मामले दर्ज।

## देश की छवि धूमिल करने के षड़यंत्रों का पर्दाफाश करें भारतीय संस्थाएंः पीएम

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रही भारतीय संस्थाओं से आग्रह किया कि वह भारत की छवि को धूमिल करने के वैश्विक स्तर पर हो रहे षड़यंत्रों का मुकाबला करते हुए देश की सही छवि दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करें। प्रधानमंत्री ने ब्रह्मकुमारी संस्था के आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि सालभर चलने वाले इस कार्यक्रम में स्वर्णिम भारत



के लिए भावना और साधना दोनों हैं। इसमें देश के लिए प्रेरणा भी है और ब्रह्मकुमारियों के प्रयास भी हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रधानमंत्री ने देश के विकास में निरंतर समर्थन के लिए ब्रह्मकुमारी संस्था का आभार व्यक्त किया।

### संक्षिप्त खबरें

#### रोहित, पंत और अश्विन आईसीसी मेन्स टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में शामिल

**दुबईः भारतीय** बल्लेबाज रोहित शर्मा, विकेटकीपर ऋषभ पंत और अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को आईसीसी मेन्स टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को 2021 की आईसीसी टेस्ट की कमान सौंपी गई है। विलियमसन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड ने पिछले साल भारत को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती थी। टीम में तीन भारतीयों के अलावा न्यूजीलैंड के दो, पाकिस्तान के तीन, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और इंग्लैंड के 1-1 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। रोहित शर्मा खेल के सबसे लंबे प्रारूप में सलामी बल्लेबाज के रूप में अपने आप का स्थापित किया है। उन्होंने 2021 में दो शतकों के साथ 47.68 की औसत से 906 रन बनाए। उनके दोनों शतक इंग्लैंड के खिलाफ विपरीत परिस्थितियों में आए थे, उन्होंने कैलेंडर वर्ष में पहला शतक चेन्नई में और दूसरा ओवल में लगाया था।

#### 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर

दंतेवाड़ाः छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कटेकल्याण के चिकपाल में नक्सलियों व डीआरजी जवानों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में पांच लाख के एक इनामी नक्सली को जवानों ने मार गिराए हैं। नक्सली की शिनाख्ती मुया मरकाम के रूप में की गई है। इस संबंध में दंतेवाडा एसपी ने पुष्टि की है। गौरतलब हो कि कटेकल्याण थाना क्षेत्र के चिकपाल मारजुम इलाके में माओवादियों के होने की खबर मुखबिर से मिली थी।

## चीनी सैनिकों ने भारतीय किशोर का किया अपहरण

**नई दिल्ली**

अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के सांसद तपीर गाओ ने दावा किया है कि चीनी सेना के सैनिकों ने एक भारतीय नाबालिग किशोर का अपहरण कर लिया है। सांसद ने इस मामले में केन्द्र सरकार से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। ऊपरी सियांग के उपायुक्त ने बताया कि किशोर को छुड़वाने के लिए भारतीय सेना के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है और किशोर को छुड़वाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश ईस्ट के लोकसभा सांसद तपीर गाओ ने बुधवार रात ट्वीट किया कि मंगलवार को भारतीय क्षेत्र से



पीएलए (चीनी सेना) ने स्थानीय जीडी गांव के एक 17 वर्षीय मिराम तारन को भारतीय इलाके से बंदी बना लिया है। गाओ ने अपहृत किशोर की फोटो ट्विटर पर पोस्ट करने के साथ दावा किया है कि ज़िदो गांव के रहने वाले 17 साल के मिराम टैरोन का चीनी सैनिकों ने ऊपरी सियांग जिले, अरुणाचल प्रदेश के सियुंगला क्षेत्र (बिशिंग गांव) के तहत भारतीय क्षेत्र के अंदर लुंगटा जोर क्षेत्र से अपहरण कर लिया है। सांसद गाओ ने भारत सरकार की सभी एजेंसियों से अनुरोध किया है कि उसकी रिहाई के लिए जल्द कदम बढ़ाएं। उन्होंने केंद्र सरकार से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। ऊपरी सियांग के उपायुक्त शाश्वत सौरभ ने बताया कि अपहृत किशोर स्थानीय शिकारियों के समूह में था। समूह के अन्य लोग भाग गए लेकिन पीएलए ने उस भारतीय किशोर को पकड़ कर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही मामले की जानकारी मुझे मिली तो हमने संबंधित भारतीय सेना के अधिकारियों को सूचित किया।

## दहशतगर्द सीमापार से घुसपैठ की फिराक में

### खराब मौसम की आढ़ में आतंकी एलओसी और आईबी के रास्ते कर सकते हैं घुसपैठ

**जम्मू**

आतंकी जम्मू-कश्मीर में गणतंत्र दिवस के मौके पर घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। इसके लिए दहशतगर्द सीमापार कर प्रदेश में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। सीमा पर बर्फबारी को देखते हुए एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक इसमें कहा गया है कि खराब मौसम की आढ़ में आतंकी एलओसी और आईबी के रास्ते घुसपैठ कर सकते हैं। एक पखवाड़ा पहले सरहद पर घुसपैठ का प्रयास हुआ है, लेकिन सेना और बीएसएफ के सतर्क जवानों ने इन



चारों प्रयासों को विफल कर दिया। यह चुनौती 26 जनवरी तक बनी रहेगी। जिससे निपटने के लिए बीएसएफ ने जवानों की तैनाती बढ़ा दी है। सेना ने भी सतर्कता बढ़ा दी है।

**तकनीकी ढांचा सक्रिय किया गयाः** घुसपैठ की आशंका को देखते हुए तकनीकी ढांचा सक्रिय किया गया है। कुछ जगहों से आतंकियों की घुसपैठ की सूचनाएं भी हैं, जिसके लिए विशेष तैयारी की गई है। खराब मौसम में तकनीकी उपकरणों के काम करने की क्षमता कम हो जाती है। यही कारण है कि आतंकी घुसपैठ की अधिक कोशिश करते हैं। कुपवाड़ा, पुंछ, अरनिया और चमलियाल में आतंकियों ने ऐसा ही किया, लेकिन जवानों की सतर्कता से चार बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया गया है।

## ओमिक्रॉन की पहचान के लिए पैसे नहीं

- **38 में से 5 जीनोम सीक्वेंसिंग लैब फंडिंग न होने के चलते बंद, पिछले महीने के मुकाबले सीक्वेंसिंग 40% घटी**

**नई दिल्ली**

भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच एक परेशानी वाली खबर सामने आई है। देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट का पता लगाने के लिए सैंपल्स की जीनोम सीक्वेंसिंग करने में रुकावट आ रही है। जीनोमिक्स कंसोर्शियम की 38 लैब में से 5 लैब बंद हो गई हैं। इससे पिछले महीने की तुलना में इस महीने जीनोम सीक्वेंसिंग में करीब 40% की गिरावट देखी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों



ने बताया है कि इन लैब के पास जीनोम सीक्वेंसिंग में काम आने वाले रीएजेंट की कमी हो गई है। यह समस्या पर्याप्त फंड न मिलने के कारण हो रही है।

**क्या होती है जीनोम सीक्वेंसिंग ?:** जीनोम सीक्वेंसिंग एक तरह का टेस्ट होता है। कोरोना महामारी के हिसाब से समझें तो इस टेस्ट में किसी पॉजिटिव सैंपल में मौजूद कोरोना का सही वैरिएंट पता लगता है। इसके लिए वायरस के अंदर मौजूद डीएनए या आरएनए की सीक्वेंसिंग की जाती है। किसी डीएनए या आरएनए में जितने म्यूटेशन होते हैं, वे सब स्टेप बाई स्टेप डीएनए या आरएनए में प्रिंट होते हैं। जीनोम सीक्वेंसिंग के जरिए इस आरएनए प्रिंट की जांच की जाती है। इससे यह जानकारी मिल जाती है कि यह वायरस कैसे बना है और इसमें क्या अलग है, कैसा दिखता है। इस सीक्वेंसिंग के दौरान पुराने वायरस से तुलना की जाती है और पता लगाया जाता है कि यह कितना बदल गया है यानी म्यूटेट हुआ है। ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ कोरोना के लिए किया गया है। इससे पहले भी सभी वायरस की जांच इसी तरीके से होती रही है और उसमें हुए बदलाव के बारे में पता लगाया जाता है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर चुके हैं इस विषय पर बैठकः** जनवरी की शुरूआत में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना की स्थिति की समीक्षा के लिए हुई एक बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और वरिष्ठ अधिकारियों से कहा था कि कोरोना वायरस के लगातार म्यूटेट होने के कारण देश में जीनोम सीक्वेंसिंग बढ़ाने की जरूरत है। उनका कहना था, "वायरस लगातार डेवलप हो रहा है।

## बहुत घातक है ओमिक्रोन वैरिएंटः डब्ल्यूएचओ

**जेनेवाः दुनियाभर** में कोविड मामलों में लगातार बढ़ोतरी के बीच डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानो घेब्रेसिएसस ने चेतावनी दी है कि कोरोन वायरस के ओमिक्रोन वैरिएंट बहुत घातक है। यह दुनियाभर में अस्पतालों में मरीजों के बढ़ने और मौतों का कारण बन रहा है। उन्होंने ओमीक्रोन से होने वाले संक्रमण को कम असर बताने को भ्रामक बताते हुए कहा है कि इसे हल्का समझने की की भूल ना करें। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के अनुसार दुनियाभर में कोरोना मामलों के बढ़ने के बीच डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानो ने बताया कि वैश्विक कोरोना वायरस केस लोड 333.5 मिलियन से ऊपर है, जबकि मौतें 5.55 मिलियन से अधिक हो गई हैं और इसके साथ ही टीकाकरण 9.68 बिलियन से अधिक हो गया है। भारत में बुधवार को पिछले 24 घंटों में 2,82,970 ताजा कोविड मामलों की सूचना दी, जो पिछले दिन की गिनती से 18 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी है। एम घेब्रेसिएसस ने बुधवार को चेतावनी दी है कि कोरोना वायरस का ओमिक्रोन वैरिएंट दुनियाभर में अस्पताल में भर्ती और मौतों का कारण बन रहा है और लोग यह कहानी बना रहे हैं कि यह एक हल्की बीमारी है, जो भ्रामक तथ्य है। उन्होंने यह भी कहा कि ओमिक्रोन औसतन कम गंभीर हो सकता है लेकिन इस कम संक्रामक और हल्का बताना भ्रामक है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक नुकसान पहुंचाने के साथ अधिक अधिक लोगों की मौत हो सकती है। टेड्रोस के अनुसार, कोविड बहुत तेजी से फैल रहा है और कई लोग इसकी चपेट में हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कई देशों के लिए अगले कुछ सप्ताह स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## खबर संक्षेप

### वैक्सीनेसन मेगा कैम्प आज से जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर में

**करछना।** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल घोडेडीह भीरपुर करछना प्रयागराज में कोविड 19 की रोकथाम के लिए निःशुल्क मेगा टीकाकरण कैम्प का आयोजन दिनांक 21 व 22 जनवरी 2022 को किया जा रहा है जिसमें 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विद्यालय में पढ़ रहे छात्र/छात्राओं एवं आसपास के विद्यालयों में पढ़ रहे छात्र/छात्राओं व जनसामान्य लोग अपना आधार कार्ड व मोबाइल नम्बर के साथ कैम्प में सुबह 10 बजे से 4 बजे तक आ कर टीकाकरण करा सकते हैं। इसकी जानकारी प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम भारशिव ने दी।

# पीजीटी 2021: संशोधित परिणाम जारी करने की मांग, चयन बोर्ड पर प्रदर्शन



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी

### हिंदी प्रवक्ता के अभ्यर्थियों ने माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय पर प्रदर्शन किया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को हिंदी प्रवक्ता के अभ्यर्थियों ने माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि तत्काल पीजीटी हिंदी 2021 का संशोधित अंतिम परिणाम जारी किया जाए।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे उपेंद्र वर्मा ने कहा कि लिखित परीक्षा के संशोधित परिणाम के बाद साक्षात्कार पूरा हो चुका है तो संशोधित अंतिम परिणाम तत्काल जारी किया जाए। क्योंकि जो शिक्षक चयनित होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं वह सब असमंजस में हैं और मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि चयन बोर्ड शीघ्र परीक्षा परिणाम नहीं जारी करता तो संगठन सभी नवनियुक्त प्रवक्ताओं के साथ चयन बोर्ड कार्यालय के बाहर धरना देने के लिए बाध्य होगा। घेराव में उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के जिला अध्यक्ष मो. जावेद, जिला मंत्री देवराज सिंह पटेल, गौरव सिंह, पूजा सिंह, संगीता सिंह, कुसुम यादव, भूपेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, आकृति विश्वकर्मा आदि शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### सपा नेता पर जान लेवा हमला, थाना कोरांव में दर्ज हुआ मुकद्दमा



**कोराव।** सपा छात्र राष्ट्रीय सचिव प्रमोद मिश्र पयासी के ऊपर जानलेवा हमला करने वालों के विरुद्ध कोराव पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है,बता दें कि पयासी हमेशा की तरह देर रात्रि कोरांव से घर मिश्रपुर कार से आते हैं। कोराव में मेन चौराहे पर दुर्घटना के बहाने प्राणघातक हमले कुछ अराजक तत्वों ने किया ,जिस्से उन्हे चोटें आई,पुलिस ने राजकीय अस्पताल प्रयागराज में प्राथमिक उपचार जांच करवाई,और केस दर्ज किया। जबकि आरोपियों ने अपने को बेगुनाही का आलाप किया। घटना को लेकर पदाधिकारियों में आक्रोश है। लोगों ने तथा नेता पयासी ने पुलिस प्रशासन से तत्काल हमलावरों के विरुद्ध गिरफ्तारी कार्यवाही की मांग की हैं।

### बीआरसी करछना में मेडिकल असेसमेंट कैम्प आयोजित



**करछना।** गुरुवार को बीआरसी करछना में मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 45 बच्चे उपस्थित हुए सीएमओ ऑफिस से आए डॉ राहुल सिंह (नेत्र विशेषज्ञ )डिप्टी सीएमओ प्रयागराज डॉ राकेश पासवान (मनोचिकित्सक) डॉक्टर के के सिंह (अस्थि रोग) विशेषज्ञ डॉ संकल्प शुक्ला (ऑडियोलॉजिस्ट )डॉक्टर राजेंद्र कुमार यादव (फिजियोथैरेपिस्ट) के द्वारा 35 बच्चों का सीएमओ सर्टिफिकेट बनाया गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी करछना की श्री(संतोष कुमार श्रीवास्तव )के अनुपालन में व करछना ब्लॉक के विशेष शिक्षक आलोक राय एच आई) विरेंद्र कुमार पाल (एमआर) का पूर्ण सहयोग रहा

### विद्यालय में चयन पर सम्मानित हुए गोलू



**करछना।** के बरांव गांव स्थित एसबीबीएम कान्वेंट स्कूल के छात्र गोलू सोनकर पुत्र प्रदीप सोनकर का नवोदय विद्यालय में प्रवेश हो जाने पर विद्यालय परिवार सहित परिजन खुशहाल हैं। बुधवार को एसबी बी एम कॉन्वेंट स्कूल बरांव में एक कार्यक्रम के तहत गोलू सोनकर को नवोदय की परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाने व नवोदय विद्यालय में प्रवेश पा जाने पर उसे सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंधक रमेश कुमार सिंह व प्रधानाचार्य पंकज कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष हमारे विद्यालय से नवोदय की परीक्षा मैं एक दो छात्र उत्तीर्ण होते हैं । उन्होंने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### करछना के मेडरा में क्रिकेट टूनामेंट का हुआ उद्घाटन



**करछना।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेडरा में क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन विकास खंड करछना के प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट बतौर मुख्य अतिथि के रूप फीता काट कर उदघाटन किया ।उद्घाटन मैंच बलुआ बनाम महेवा के बीच खेला गया जिसमें बलुआ की टीम उदघाटन मैंच अपने नाम कर लिया, क्रिकेट प्रतियोगिता में दर्जन भर से अधिक टीमों ने प्रति भाग किया। मेडराः अध्यक्ष पवन निषाद कटका प्रधान शैलेन्द्र प्रताप मेड़रा प्रधान मेडराः मुख्य अतिथि श्री अवतार किशन सिंह अध्यक्ष प्रधान संघ करछना बिशिष्ट अथित श्री नागेंद्र पाण्डेय प्रधान पनासा श्री धर्मराज पटेल प्रधान कचरी श्री कृष्णदेव प्रधान बस्तर श्री पवन शुक्ला समाज सेवी आदि रहे।

### पोष्टर प्रतियोगिता में अव्वल रहे शिव कुमार




**करछना।** मतदाता जागरूकता को लेकर नोड़ल अधिकारी स्वीप योजना के निदेर्शानुसार श्री बृज मंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर के बच्चों ने आन लाइन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।इस दौरान स्लोगन प्रतियोगिता में 12 ब की छात्रा काजल मिश्रा पहले स्थान पर रही वही इल्मा फात्मा को दूसरा और भारत लाल को तीसरा स्थान मिला।गीत प्रतियोगिता में 11ब की छात्रा चंचल द्विवेदी ने काजल मिश्रा और रीया द्विवेदी से अच्छा प्रदर्शन किया और पहले स्थान पर रही वहीं पोष्टर के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कक्षा 12 के शिवकुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया।आफ्सीन फात्मा और इल्मा फात्मा दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने प्रतिभाग करने वाले बच्चों को शुभकांमनाएं देते हुए पास पड़ोस के लोगों को भी अधिक से अधिक मतदान करने पर जोर दिया।इस मौके पर निर्णायक के रूप में प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार,अशोक सिंह,विश्वेष ओझा,सुरेश कुमार,जगतपाल,मालती शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### सरायममरेज पुलिस ने डोमिनेशन फ्लैग मार्च किया



**जंघई।** सरायममरेज पुलिस व अर्धसैनिक बलों द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के दृष्टिगत कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए सरायममरेज थाना क्षेत्र के जंघई, भेलखा, वारी, सरायममरेज सहित विभिन्न स्थानों पर एरिया डोमिनेशन फ्लैग मार्च किया गया।

## गणेश चतुर्थी आज, संतान के लिए महिलाएं रखेंगी निर्जला व्रत

### मौसमी फल और तिल-गुड़ से सजे बाजार



**शंकरगढ़।** संतान की लंबी उम्र, उन्नति, आरोग्य की कामना के साथ महिलाएं आज 21 जनवरी को गणेश चतुर्थी का निर्जला व्रत रखेंगी। माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी (गणेश चतुर्थी) को व्रती महिलाएं दिनभर का उपवास रखेंगी और विघ्नविनाशक भगवान गणेश की आराधना करेंगी। शाम को चंद्रमा के उदय के उपरांत चंद्र दर्शन कर पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाएगी।संतान के दीघार्यु,आरोग्यता, सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखे जाने वाले इस व्रत के लिए गुरुवार को बाजारों में दिनभर चहल-पहल देखने को मिली।कई दिनों बाद धूप निकलने से बाजार में खरीदारी को भी लोगों की भीड़ दिखी। संगमनगरी में गणेश चतुर्थी व्रत को लेकर मुंडेरा मंडी से लेकर झूंसी, फाफामऊ तक और यमुनापार में नैनी से लेकर शंकरगढ़ तक सभी स्थानीय बाजारों में गणेश चतुर्थी व्रत से जुड़ी पूजन सामग्री, फल इत्यादि की बिक्री हुई। इसमें गन्ना, गुड़, काले तिल, सफेद तिल, बने-बनाए तिल के लड्डू, सूखा सिंघाड़ा, शकरकंद, अमरूद की खूब बिक्री हुई। ज्योतिषाचार्य पंडित त्रियुगीकांत मिश्र ने बताया कि कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि शुक्रवार (21 जनवरी) को सुबह 7.26 बजे से लग जाएगी और अगले दिन शनिवार की सुबह 7.24 बजे तक रहेगी।जबकि चंद्रोदय रात 8.39 बजे होगा। चतुर्थी तिथि में चंद्रोदय काल मिलने से यह व्रत 21 जनवरी को रखा जाएगा।ज्योतिषाचार्य ने बताया कि संकष्टी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश का व्रत और आराधना करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। गणेश चतुर्थी को कथा सुनने से गजानन की कृपा प्राप्त होती है। गणेश चतुर्थी की पूजा में पांच मौसमी फल के साथ काले तिल और गुड़ से बने लड्डू, फूल, दुर्वा (दूब), अक्षत आदि अर्पित किया जाता है। इसके अलावा स्थानीय मान्यताओं के अनुसार महिलाएं और भी वस्तुएं भगवान गणेश को अर्पित करती हैं।

### करछना में जीत के लिए जाति वर्गवाद से परहेज जरूरी : डॉक्टर पाण्डेय

**करछना।** बीते चुनाव में जिन सीटों पर भाजपा को सफलता नहीं मिली ऐसी सीटों पर अबके चुनाव में प्रत्याशियों के टिकट के मुद्दे को शीर्ष चयन समिति पर छोड़कर सभी कार्यकताओं को पूरी निष्ठा और लगन के साथ जुट जाने की जरूरत है।ऐसी सीटों को जीतने के लिए गहन मंथन की जरूरत है।यह बातें जागृति मिशन के संयोजक और भाजपा नेता डॉक्टर भगवत पाण्डेय ने भाजपा कार्यकताओं के बीच कही।उन्होंने कहा कि स्वच्छ छवि वाले,संघर्षशील और जाति वर्ग के अपवादों से दूर निष्ठावान प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाये जाने से ही करछना विधानसभा सीट पर आसानी से यह मिशन सफल हो सकता है और भाजपा का परचम लहरायेगा। इसके लिए सभी कार्यकताओं को अफवाहों और संकुचित मानसिकता से दूर होकर जातीय गुणा गणित को आधार न मानते हुए सर्वजातीय समभाव से जुड़े प्रत्याशी को जिताने के लिए मन बनाने की जरूरत है। इस मौके पर राजेश कनौजिया,राजेश पटेल, नारायण दत्त तिवारी, विनोद प्रजापति, विजय पाल, मानिक चंद्र ओझा समेत स्थानीय प्रबुद्ध जन एवं मिशन के कार्यकर्ता और भाजपाई मौजूद रहे।

## उपायुक्त श्रम ने किया निर्माणाधीन ब्लाक परिसर का निरीक्षण



निर्माणाधीन ब्लॉक परिसर का निरीक्षण करते कपिल कुमार उपायुक्त श्रम रोजगार प्रयागराज व अन्य्र

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** विकासखंड सहसों का निमार्णाधीन ब्लॉक परिसर का निरीक्षण करने के लिए जिले की अधिकारी मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य का जांच पड़ताल किया। गुरुवार को थानापुर ग्राम सभा में स्थित विकासखंड सहसों का मुख्यालय बना हुआ है। जिसकी बाउंड्री वाल हो चुकी है तथा भवन निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखने के लिए उपायुक्त श्रम रोजगार मनरेगा श्री कपिल कुमार ने मौके पर पहुंचकर हो रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया और निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए कार्यदाई संस्था को दिशा निर्देशित करते हुए और भी अच्छे सामग्री का प्रयोग कर निर्माण कार्य करने के लिए कहा। इस मौके पर श्री धनीराम पटेल ए ई पी डब्लू डी, रवि मौर्या जे ई आर ई डी, जितेंद्र कुमार यादव जे ई डीआरडीए, बबिता गुप्ता खंड विकास अधिकारी सहसों, नरेंद्र कुमार दुबे सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , हेमंत सिंह ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## तमंचा और पिस्टल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** यमुनापार के बारा थाने की पुलिस ने दो लोगों को तमंचा, पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी उमापुर टोल प्लाजा के समीप से की गई है। धरे गए एक अभियुक्त के खिलाफ वर्ष 2020 में जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों का चालान भेज दिया है। सीओ बारा की अगुवाई में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बारा थाने के एसआई प्रमोद कुमार यादव और अजय कुमार सिंह टीम के साथ गश्तपर थे। इसी दौरान उमापुर टोल प्लाजा के समीप से संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान एक कार से बमभोले मिश्र पुत्र नवल किशोर मिश्र (निवासी मऊ, पावर हाउस के समीप, मऊ, चित्रकूट) और विजय मिश्र पुत्र नवल किशोर मिश्र (निवासी उपरोक्त) को गिरफ्तार किया गया। बारा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों के पास से एक तमंचा और एक पिस्टल व कारतूस बरामद हुआ है। बताया कि बमभोले के खिलाफ वर्ष 2020 में धारा 188, 332, 353, 307, 269, 504, 506 के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ के बाद दोनों का चालान भेज दिया गया है।

### 25 लीटर शराब के साथ एक धराया

**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने 25 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसआई ऋतुराज सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गोरखा तिराहे के पास से गया प्रसाद पुत्र जगन्नाथ (निवासी बंधवा, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 25 लीटर शराब बरामद हुई है। वह शराब की सप्लाई करने जा रहा था। धरे गए गया प्रसाद का एक्साइज एक्ट में चालान कर दिया गया है।

## बेटियों की शादी में सहयोग से मिलती हैं खुशी : अभिषेक

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** बेटियों की शादी में सहयोग से व्यक्ति कों पुण्य की प्राप्ति सहित आत्मिक सुकून मिलता हैं। बेटी समाज का वह आइना होता हैं जिसकी प्रतिबिम्ब में सदैव लोगों कों खुशी एवम गौरव प्राप्त होता हैं इसलिए बेटियों कों समान अवसर, शिक्षा एवम बेटों की तरह क्षेत्र के चयन की आजादी होनी चाहिए तभी समाज एवम राष्ट्र का समुचित विकास संभव हैं उक्त बातें केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने जसरा क्षेत्र के बसहरा निवासी सुश्री गरिमा यादव एवम करछना के बसडिला की प्रीती पटेल कों शादी अनुदान हेतु इक्कीस हजार रुपए एवम एक कुंतल आटा, पचास किलो चीनी, एक टीन रिफायन जारी करने के बाद व्यक्त किये। इस अवसर पर श्री पटेल यह भी बोले कि यमुनापार में किसी भी वर्ग, समूह जिनकी आर्थिक परिस्थिति ठीक नहीं हैं उन्हें सहयोग मुहैया करवाया जाएगा।श्री पटेल के मुताबिक लाभर्थियों के खातों में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा अस्मिता सिंह ने निजी रूप से अपने वेतन से लाभर्थियों के खाते में भुगतान की ।वही शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने खाद्य सामग्री अपने निजी वेतन से सहयोग किये। ग्रामीणों सहित बेटियों के परिजनों ने शोध छात्र एवम प्रोफेसर डा अस्मिता सिंह कों धन्यवाद प्रकट किये। वही दूसरी ओर श्री पटेल ने मुसहर बिरादरी के जुगनू के रीढ़ के आपरेशन के लिए एक लाख रुपए का चेक सौपकर मदद किये। उनके इस पहल से क्षेत्र सहित विश्वविद्यालय के शैक्षिक महकमे मे भी प्रसंसा हों रहीं हैं। जुगनू पेशे से रिक्शा चालक हैं जुगनू के सर पर ही पूरे परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी हैं।अभिषेक सिंह पटेल सामूहिक विवाह, शादी अनुदान, साइकिल, सिलाई मशीन, सोलर आदि माध्यमो से हजारों की तादाद में मदद कर चुके हैं। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान, जल संरक्षण, वृक्षारोपण आदि नेक कार्य व्यापक पैमाने पर करवा चुके हैं।

## शिक्षक बनने के फेर छोड़ दी नौकरी अब काउंसलिंग का कर रहे इंतजार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग के लिए 68 सौ अभ्यर्थियों की सूची जारी होने के बाद प्रक्रिया ठप पड़ी। अभ्यर्थी काउंसलिंग की तिथि घोषित होने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन विभाग में कोई सुगबुगाहट ही नहीं है। अभ्यर्थी बेसिक शिक्षा विभाग में काउंसलिंग तिथि घोषित करने को लेकर चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अफसर भी चुप्पी साधे हैं। कुछ अभ्यर्भी सरकारी नौकरी तो कुछ प्राइवेट नौकरी छोड़कर आए हैं। अब वह काउंसलिंग तिथि घोषित न होने से अधर में फंसे हुए हैं। 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग हेतु 68 सौ अभ्यर्थियों की चयन सूची बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 5 जनवरी 2022 को जारी की गई। सूची जारी होने के बाद तमाम अभ्यर्थियों ने अपनी प्राइवेट और सरकारी नौकरी छोड़ दी। जबकि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अभी तक काउंसलिंग शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। इन अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर उन्हें पता होता कि सूची जारी करने के बाद विभाग काउंसलिंग तिथि और नियुक्ति पत्र देने में विलंब करेगा तो वह अभी नौकरी छोड़कर नहीं आते। इन अभ्यर्थियों के सामने आर्थिक परेशानी भी उठानी पड़ रही है। अब ये अभ्यर्थी न इधर के हुए न उधर के। उनकी मांग है कि बेसिक शिक्षा विभाग तत्काल काउंसलिंग की तिथि घोषित करे।

### तेज होगा शिक्षक भर्ती आंदोलन

टीईटी परीक्षा के बाद युवा मंच कार्यकर्ता शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी करने की मांग को लेकर आंदोलन तेज करेंगे। युवा मंच अध्यक्ष अनिल सिंह ने प्रदेश सरकार निशाना साधते हुए कहा कि जब महज 7 हजार अभ्यर्थियों वाली पीसीएस मुख्य परीक्षा को कोविड की वजह से स्थगित किया जा सकता है, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया।शिक्षण संस्थान पहले से ही बंद हैं। ऐसे में सरकार लाखों युवाओं की जिंदगी को खतरे में डालकर टीईटी परीक्षा कराने की जिद पर अड़ी है। अगर टीईटी परीक्षा कराने की जिद पर सरकार अड़ी है तो प्रदेश के युवा भी टीईटी परीक्षा के बाद 97 हजार शिक्षक भर्ती के विज्ञापन के लिए आंदोलन तेज करेंगे।

### प्रवेश प्रक्रिया रोकने पर नाराजगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर बुधवार को 547 वे दिन भी छात्रनेता अजय यादव सम्राट के अगुवाई में आंदोलन जारी रहा। अनशनकारियों ने इविवि में प्रवेश प्रक्रिया बंद करने पर आक्रोश जाहिर किया है। छात्रनेताओं का कहना है कि कि कोरोना का बहाना बनाकर विश्वविद्यालय बंद कर दिया है गया। देश के दूसरे सभी विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में विश्वविद्यालय को बंद कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस दौरान नवनीत यादव, मसूद अंसारी, हरेंद्र यादव, आदित्य कुमार, अभिषेक यादव, शिव शंकर सरोज, ललित सिंह, सुधीर यादव, सलमान इलाहाबादी आदि लोग उपस्थित रहे।

## सरकारी बस पर किया पथराव कई लोग घायल, मचा हड़कंप



पथराव के बाद बस से निकलते यात्री

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** सिरसा से बनारस जाने वाली बस वापस बनारस से सिरसा रही थी जैसे ही दिघिया फाटक पार कर मोनाई औता गांव पहुंची तभी पांच अज्ञात युवक ने सरकारी बस पर किया पथराव जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल एक युवक चोटहिल सूचना पर मेजा थाना प्रभारी तुषार दत्त त्यागी जेवनिया चौकी इंचार्ज मय फोर्स मौके पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचा कर जांच में जुटे। मौके पर दो युवक को मेजा पुलिस हिरासत में लिया।

## खबर संक्षेप

### थाना मांडा पुलिस द्वारा दो नफर अभियुक्त चालीस लीटर अवैध शराब के साथ किया गया गिरफ्तार


**मेजा रोड।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज अजय कुमार द्वारा मादक पदार्थ के तस्करी पर रोक लगाने हेतु एवम् आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु एवम् समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु व अपराध पर रोकथाम लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मेजा अमिता सिंह के पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्ष मांडा महेश मिश्र के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा 40 लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्त पप्पू सोनकर पुत्र शंकर लाल व राकेश आदिवासी पुत्र स्व चन्द्र को मुकदमा अपराध संख्या 16/ 22 व 17/22 धारा 60 ई एक्स एक्ट के तहत स्थानीय थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम करवाई जारी है।

# भर्तियों में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी के खिलाफ छात्रों ने कराया मुंडन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भर्तियों में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ प्रतियोगी छात्रों ने बृहस्पतिवार को संगम तट पर मुंडन कराया। इसके बाद सत्ता का पिंडदान करने की तैयारी थी, लेकिन पुलिस फोर्स ने मुंडन करने वाले नाई और दो छात्रों को हिरासत में ले लिया। कार्यक्रम बीच में ही रोक दिया गया।छात्रों और नाई के खिलाफ शांति भंग में चालान की कार्रवाई की गई। बाद में तीनों को छोड़ दिया गया। छात्रों का कहना है कि उनका आंदोलन जारी रहेगा और अगली बार सत्ता का पिंडदान करेंगे। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के पूर्व घोषित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सुबह से ही संगम तट और आसपास बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी। छात्र वहां 11.30 बजे के आसपास पहुंचे। एक घंटे तक पुलिस और छात्रों के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा।छात्रों को जब कहीं जगह नहीं मिली तो संगम नोज पर दोपहर 12.30 बजे मुंडन कराने के लिए बैठ गए। जैसे ही कुछ छात्रों का मुंडन हुआ, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हंडिया निवासी प्रतियोगी छात्र आशुतोश पांडेय, भदोही के रहने वाले छात्र आशुतोष पांडेय और मुंडन करने वाले रीवा (मध्य प्रदेश) निवासी नाई सुशील सेन को हिरासत में ले लिया।

पिंडदान करने से पहले पुलिस ने लिया हिरासत में



मुंडन कराते प्रतियोगी छात्र

### पुलिस ने रोक दिया पिंडदान का कार्यक्रम...

पुलिस की इस कार्रवाई पर छात्रों ने विरोध दर्ज कराते हुए पिंडदान का कार्यक्रम रोक दिया। पुलिस ने भी लाठी भांजते हुए छात्रों को वहां से हटा दिया। आशुतोष और कुछ छात्रों का आधा मुंडन ही हो पाया था। पुलिस ने आशुतोष, अनपुम और सुशील के खिलाफ शांति भंग में चालान की कार्रवाई करने के बाद उन्हें छोड़ दिया। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष अवनीश पांडेय एवं मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय ने पुलिस की इस कार्रवाई की निंदा की है। उनका कहना है कि प्रतियोगियों की जायज मांगों पर इस प्रकार बर्बरता पूर्वक दमन का सहारा ले कर सरकार कहीं न कहीं अपने डर और भ्रष्टाचारियों को बचाने के अपने एजेंडे को प्रदर्शित कर रही है, लेकिन प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति इस लड़ाई को जारी रखेगी।

# संस्कृत के साथ सौतेली मां जैसा व्यवहार क्यों : हाईकोर्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में संस्कृत भाषा और स्कूलों में संस्कृत अध्यापकों की भर्ती को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा, 'राज्य सरकार भारतीय सभ्यता की सबसे पुरानी भाषा संस्कृत के साथ सौतेली मां जैसा व्यवहार नहीं कर सकती। कल्याणकारी राज्य जिस पर भाषा के संरक्षण का दायित्व है, उसे अधिकारियों की मनमर्जी से संविदा पर संस्कृत अध्यापक रखने व हटाने की छूट नहीं दी जा सकती। यह आदेश न्यायमूर्ति आरआर अग्रवाल ने बद्रीनाथ तिवारी की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है और याची को संविदा पर संस्कृत अध्यापक के रुप में कार्य करने देने का निर्देश दिया है।

### 2013 की नियमावली में संस्कृत अध्यापक का पद नहीं

कोर्ट ने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि नियमावली 2013 में डायट में संस्कृत अध्यापक का पद ही नहीं है। हिंदी अध्यापक संस्कृत पढ़ा रहे हैं। पद नहीं फिर भी नियमित नियुक्ति होने तक संस्कृत अध्यापक संविदा पर नियुक्त कर रहे हैं।कोर्ट ने कहा कि सरकार को संस्कृत को सूची में शामिल कर संस्कृत अध्यापक का पद सृजित कर नियमित नियुक्ति करना चाहिए। कोर्ट ने सरकार को अपना जवाब 21 फरवरी तक दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि संस्कृत विशिष्ट भाषा है। संस्कृत पढ़ाई जा रही है तो संस्कृत अध्यापक पद भी सृजित होना चाहिए।

# सीएम योगी पर टिप्पणी,हॉस्टल में पथराव मामले के आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

अखंड भारत संदेश



हॉस्टल में जांच पड़ताल करते पुलिस के अधिकारी

**प्रयागराज।** कर्नलगंज में सीएम पर टिप्पणी और हॉस्टल में बवाल मामले में कर्नलगंज पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। हाल यह है कि 17 दिन बीतने के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। नामजद नौ आरोपियों में से अब तक एक को भी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। न ही अज्ञात आरोपियों को चिह्नित किया गया है।घटना तीन जनवरी को हुई थी जिसमें जमकर बवाल हुआ था। साइंस फैकल्टी गेट के सामने स्थित लाइब्रेरी में शनि सिंह निवासी चंदौली और मुस्लिम बोर्डिंग के एक छात्र के बीच किसी बात को लेकर विवाद के बाद मारपीट हो गई थी। कटरा में रहकर तैयारी करने वाले शनि ने आरोप लगाया कि लाइब्रेरी में मो. सरफराज व मो. ओबैदा सीएम योगी पर अभद्र टिप्पणी कर रहे थे।विरोध पर वह आसिफ समेत अपने दो अन्य साथियों संग मिलकर उसे पीटने लगे। इसके बाद हॉस्टल से अपने 50-60 साथियों को बुला लाए और घेरकर उसे हॉकी, डंडों व तमंचे की बट से पीटा। तमंचे की बट से आंख पर हमला किए जाने से वह बेहोश हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस के कहने पर हमलावरों की पहचान कराने वह फोर्स संग मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल में गया तो वहां गालीगलौज करते हुए पथराव किया गया।जिसके बाद पुलिस ने मो. सरफराज, मो. ओबैदा, आसिफ, मुबस्सिर हारून, अली नवाज खान, जफर, मो. शबीर, शलाबुद्दीन खान व 50-60 अज्ञात पर केस दर्ज किया था। हाल यह है कि घटना को 17 दिन बीत चुके हैं लेकिन अब तक आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आए हैं। नामजद आरोपी पकड़े नहीं गए और अज्ञात आरोपियों को भी चिह्नित नहीं किया जा सका। कर्नलगंज सीओ अजीत सिंह चौहान का कहना है कि तलाश में टीमें लगी हैं। फिलहाल आरोपियों का पता नहीं चल सका है।

### धर्म मंथन में संन्यासियों ने दी चेतावनी, सनातन धर्म की परंपरा व मान्यताओं से छेड़छाड़ न की जाए

**प्रयागराज।** प्राचीन मंदिरों के सरकारी अधिग्रहण के खिलाफ, महामंडलेश्वर यति नृसिंहानंद गिरि व जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी (पूर्व नाम वसीम रिजवी) की रिहाई को लेकर पुरजोर आवाज बुलंद हुई। प्रयागराज माघ मेला क्षेत्र के दंडी संन्यासी नगर स्थित चरखी दादरी शिविर में गुरुवार को धर्म मंथन हुआ। अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद की ओर से धर्म मंथन आयोजित हुआ। इसमें संन्यासियों ने सनातन धर्म की परंपरा व मान्यताओं से छेड़छाड़ न करने की चेतावनी दी है। धर्म मंथन में मुख्य वक्ता परिषद के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम ने कहा कि मठ-मंदिर आराधना सनातन धर्मावलंबियों की आस्था, विश्वास का केंद्र हैं। इसके बावजूद आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में चार लाख से अधिक छोटे-बड़े मंदिरों का अधिग्रहण किया गया है। तिरुपति बालाजी, श्रीजगन्नाथ, सिद्धि विनायक जैसे विश्व प्रसिद्ध मंदिर भी अधिग्रहित हैं।उन्?होंने कहा कि अधिग्रहीत काफी मंदिरों की देखरेख व पूजन की जिम्मेदारी मुस्लिम व क्रिश्चियन धर्मावलंबियों को दी गई है। जो मंदिरों की परंपरा को खंडित कर रहे हैं। यह व्यवस्था शीघ्र खत्म की जाए। इसके साथ ही महामंडलेश्वर यति नृसिंहानंद गिरि व जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी की गिरफ्तारी की निंदा की।

# डीजी सीबीसीआईडी से हाईकोर्ट ने पूछा जांच के दौरान क्यों नहीं हुई गिरफ्तारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** चित्रकूट सामूहिक दुष्कर्म हत्याकांड के मामले में महानिदेशक (डीजी) सीबीसीआईडी बृहस्पतिवार को कोर्ट के समक्ष पेश हुए। कोर्ट ने डीजी से कई सवाल पूछे। कहा कि जब तलब किया गया तो गिरफ्तारी की गई। जांच के दौरान क्यों नहीं हुई?कोर्ट ने मामले में जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा तो डीजी ने निवेदन किया कि उन्हें एक मौका दिया जाए। वह खुद मामले के आईओ के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। इस पर कोर्ट ने आईओ पर एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया और आगे की सुनवाई के दौरान डीजी की उपस्थिति को समाप्त कर दिया।डीजी सीबीसीआईडी कोर्ट के समक्ष वर्चुअली कनेक्ट हुए थे। कोर्ट ने मामले में पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष जताया। कहा कि तलब करने के बाद तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने अपने जांच के दौरान मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। 10 महीने बीतने के बाद कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। कोर्ट ने मामले में जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस पर डीजी महानिदेशक ने कोर्ट से पुलिस की कार्रवाई में हुई लापरवाही पर माफी मांगी और कोर्ट से एक मौका दिए जाने का निवेदन किया। जिससे कि वह कार्रवाई कर सकें। इस पर कोर्ट ने आईओ पर एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाते हुए अगली सुनवाई के दौरान डीजी की उपस्थिति को समाप्त कर दिया। कहा कि मामले में कार्रवाई की रिपोर्ट कोर्ट को प्रस्तुत करते रहें। मामले में कोर्ट ने डीजी को 18 जनवरी को भी तलब किया था लेकिन कनेक्टिविटी न होने से वह उपस्थित नहीं हो सके थे। इसलिए कोर्ट ने 20 जनवरी की तिथि निर्धारित की थी।

चित्रकूट सामूहिक दुष्कर्म हत्याकांड



### चित्रकूट जिले के बहिलपुरवां थाना क्षेत्र का है मामला

मामला चित्रकूट जिले के बहिलपुर थाना क्षेत्र का है। यहां की 17 साल की नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक कर उसकी हत्या कर दी गई थी। मृतका के पिता ने मामले में याचिका दाखिल कर कार्रवाई की मांग की थी। याचिका में कहा था कि घटना 22/23 अगस्त 2020 की रात की है।उसकी नाबालिग लड़की की हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया गया था, ताकि आत्महत्या का रूप दिया जा सके। याची के प्रार्थनापत्र को तत्कालीन थानाध्यक्ष बहिलपुरवा जयशंकर सिंह ने फाड़कर फेंक दिया था। इसके बाद दबाव डालकर दूसरा प्रार्थना पत्र लिखवाया।इसके बाद पंकज पांडेय ने थाने का चार्ज लिया। इन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता के पिता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। मामले में गंभीरता को देखते हुए अपर सत्र न्यायाधीश ने (पॉक्सो एक्ट) चित्रकूट ने 12 अक्तूबर 2020 को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद सोनू, लवकुश, लालमन सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# नैनी में नकली डीएपी खाद बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

अखंड भारत संदेश



पकड़ी गई डीएपी खाद की फैक्ट्री को दिखाता कर्मचारी

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के पतेवरा गांव में बृहस्पतिवार को एसडीएम करछना अमृता सिंह ने नकली खाद बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारा। इस दौरान पाया गया कि केमिकल व पाउडर मिलाकर नकली डीएपी खाद बनाई जा रही है।उन्होंने मामले की जानकारी जिला कृषि अधिकारी, खाद्य निरीक्षण व औद्योगिक पुलिस को दी। चार घंटे तक चली कार्रवाई में फैक्ट्री से 450 बोरी नकली डीएपी खाद, 440 खाली बोरी, केमिकल, सिलाई मशीन व अन्य उपकरण जब्त किए गए। छानबीन में पता चला कि फैक्ट्री पिछले दो साल से चल रही थी। साथ ही यहां नकली जैविक खाद भी बनाई जाती थी।एसडीएम अमृता सिंह पतेवरा गांव में मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुंची थीं। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें फैक्ट्री के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जब छापा मारा तो वहां बड़ी गड़बड़ी सामने आई। उन्होंने तत्काल जिला कृषि अधिकारी सुभाष मौर्य को इसकी जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी सुभाष मौर्या का कहना है कि एसडीएम करछना की सूचना पर वह मौके पर गए थे। वहां से 450 बोरी भरी हुई नकली डीएपी खाद बरामद की गईबताया कि सफेद पाउडर व कुछ केमिकल्स मिलाकर खाद बनाई जाती थी। जिसे बायो डीएपी के नाम से बेच दिया जाता था। फैक्ट्री का कोई लाइसेंस नहीं मिला है। दाना बनाने वाली और बोरी की सिलाई करने वाली मशीनें भी बरामद की गई हैं। इधर, एसडीएम ने बताया कि फैक्ट्री किसी दिवाकर सिंह के नाम है। दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। मौके पर अपर जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र नाथ पांडेय, बीपीओ इंद्रजीत यादव, हलका लेखपाल व औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस भी मौजूद रही।

### खाद की बोरी पर पूर्णिया, बिहार का है पता

जब्त की गई नकली डीएपी खाद की बोरी पर पूर्णिया, बिहार का पता अंकित है। फैक्ट्री की छानबीन के दौरान पता चला कि एक बोरी 1150 रुपये में बेची जाती थी। इसकी आपूर्ति प्रयागराज के आसपास के जिलों के अलावा मध्य प्रदेश के कई इलाकों में भी की जाती थी। जांच में सामने आया कि नकली जैविक खाद को दस लीटर की बाल्टी में पैक कर बेचा जाता था।

# माघ मेला क्षेत्र में दुकानों के आवंटन पर प्रदर्शन, आश्वासन पर माने

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र के परेड मैदान पर दुकानों का आवंटन पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जा रहा है। आज विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय के पास स्थित दुकानों के आवंटन के दौरान कुछ वेंडरों के अड़ जाने पर स्थानीय व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मेला प्राधिकरण के अस्थायी कार्यालय तक पहुंची। वहां पहुंचे व्यापारी प्रदर्शन करने लगे। एसडीएम और आरआई ने अड़े वेण्डरों को अन्य स्थानो पर दुकानों का आवंटन देने का आश्वासन दिया, तब विवाद समाप्त हो सका।

### घंटों चला विवाद, आश्वासन पर माने

परेड में पहले आओ पहले पाओ के तहत मेला प्राधिकरण ने दुकानों के आवंटन के लिये नोटिस चस्पा कर दिया था। एम्यूजमेंट जोन के पास करीब 35 दुकानें आवंटित हो गयी। जिसके बाद विहिप शिविर के पास वेण्डिंग जोन में दुकानों का आवंटन होना था। कुछ वेण्डरों ने पहले आओ पहले पाओ के तहत दुकानों के लिये एडवांस में धनराशि डिपाजिट कर दी। जिसके बाद गुरुवार को आरआई शिवशंकर पटेल टीम के साथ पहुंचे और धनराशि जमा करने वाले वेण्डरों को जमीन आवंटित कर दी। वेण्डरों के अधीन व्यापारी अपनी दुकानें भी सजाने लगे। दोपहर बाद कुछ वेण्डर पहुंचे और विरोध करने लगे कि उन्हें क्यों नहीं दुकानें आवंटित की गयी। जानकारी होने पर एसडीएम आशुतोष राय, आरआई शिवशंकर पटेल सहित कई कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

### व्यापारियों ने मेला कार्यालय में किया प्रदर्शन

विरोध करने वाले वेण्डर जिद पर अड़ गये कि आवंटित दुकानें निरस्त कर नीलामी करायी जाय और सज रही दुकानों के कार्य रोके जाय। अधिकारियों ने कार्य रुकवा दिया। जिसका अग्रिम धनराशि जमा करने वाले वेण्डर और व्यापारी नाराज हो गये और विरोध करने लगे। मामला तूल पकड़ते ही एसडीएम ने वेण्डरों को मेला प्राधिकरण के अस्थायी कार्यालय बुलाया। जहां पहुंचे व्यापारी प्रदर्शन करने लगे। अग्रिम धनराशि न जमा करने वाले वेण्डरों से एसडीएम ने अलग-अलग वार्ता की। बाद में उन्हें कहीं अन्यत्र जगह देने का वायदा कर संतुष्ट किया गया।

# भू माफियाओं के हौंसले बुलंद : राजस्व और चकबंदी विभाग की भूमिका अहम

अखंड भारत संदेश

### जिंदा से मुर्दा किए जाने एवं जबरन निरीहों की संपत्तियां हड़पने में तहसील कोरांव अव्वल, विरोध शिकायत पर उल्टा कार्यवाही करते हैं तहसील अधिकारी और पुलिस



लालती देवी पाल पत्नी सुक्रन पाल, अल्हवा



ग्राम प्रधान



मालती देवी पाल पत्नी सुकरन पाल,महुली

**लेडियारी।** कोरांव तहसील अंतर्गत कई गांवों में भू माफियाओं द्वारा लेखपालों को पटा कर जमीनें कब्जा करने तथा जिंदा से मुर्दा बनाने का धंधा जोरों पर है,किंतु राजस्व अधिकारी समुचित कार्यवाही नहीं करते,जिससे अप्रिय घटनाएं घट रही हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम सभा अल्हवा में एक भू माफिया द्वारा देवघाट महुली निवासी श्रीमती मालती देवी पाल को लेखपाल राजबहादुर पटेल रिश्तेदार के जरिए पिछले वर्ष 2020 में मृतक दिखा कर उसकी भूमि अपने नाम करा ली थी। और पिछले साल उक्त भूमि को माफिया बेचने लगा। जानकारी होते ही मृतक बनाई गई महिला जिंदा साबित करने के लिए डी एम संजय कुमार खत्री का चौखट चूमा। उन्होंने महिला की जमीन वापिस अभिलेखों में दर्ज कराई। और लेखपाल को निलंबित करने का आदेश दिया साथ ही विधिक कार्यवाही भी। किंतु तहसील अधिकारी लेखपाल को बचाने में लग गए। फिर महिला न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। थाना कोरांव में मुकद्दमा अपराध संख्या 412/ 21 धारा419, 420, 467, 468, 471, 506,आईपीसी में भू माफिया सुखलाल पटेल,लेखपाल राजबहादुर पटेल,तत्कालीन कानूनगो रामासरे,और भू माफिया के सहयोग करने वाले पवन कुमार पाल अल्हवा के खिलाफ केस दर्ज हुआ। किंतु अभी तक गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की। मुलजिमान अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की है। इसी प्रकार उक्त भू माफिया ने अल्हवा गांव की ही निरीह महिला लालती पाल की जमीन कब्जा कर लिया। लालती पाल ने प्रमुख सचिव राजस्व उत्तर प्रदेश सासन लखनऊ से शिकायत किया है कि भू माफिया सुखलाल पटेल अल्हवा के पिता पन्नालाल आदि ने मेरे पिता शोभा से 2017 ई में अठारह विश्वा 13धुर भूमि क्रय किया था। और हम तीन बीघा भूमि खरीदी थी। किंतु भू माफिया ने धन बल के सहारे राजस्व अफसरों को पटा कर मेरी भूमि संख्या 577 में एक बटा तीन का हिस्सेदार बन गया। और मुख्य मार्ग के किनारे चकबंदी वालों को पैसे के बल पर अठारह विश्वा तेरह धुर भूमि चकावट करा कर कब्जा कर लिया और मुझे जबरन मार्ग के पीछे हिस्से में कर दिया। डी डी सी प्रयागराज ने फर्जी बटा तीन की फाटबंदी निरस्त कर दी,और चकबंदी अधिकारी कोराव को परवाना भेज कर अमल दरामद करने को कहा। किंतु चकबंदी अधिकारी ने विपक्षी भू माफिया लोगों के प्रभाव में आकर अमलड्रामद में अपत्ति लगा दिया। न्याय देने के बजाय चकबंदी वाले महिला को दौड़ा रहे हैं। जो भ्रष्ट्राचार को प्रदर्शित करता है। फिलहाल लालती देवी पाल पत्नी शुक्रन पाल ने सासन को लिखित शिकायत किया है कि भू माफिया राजस्व अफसरों को मिला कर मेरी जमीन हड़प करना चाहते हैं और हत्या करना चाहते हैं। यह भी आरोप है कि भू माफिया की नियत मेरे घर खेत के अतिरिक्त परिवार की बहु पर भी गलत निगाह की है। प्रथिमिक दर्ज किए जाने की मांग की है। उधर मालती पाल ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रयागराज तथा एस एस पी प्रयागराज को 20 जनवरी को पत्र भेज कर मुलजिमानों की गिरफ्तारी की मांग की है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत कुईं विकास खण्ड कौंधियारा, प्रयागराज

## निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021-22 में ग्राम पंचायत कुई, विकास खण्ड-कौंधियारा में कराये जाने वाले कार्यो मनरेगा, राज्य वित्त, 15वां वित्त, हैण्डपम्प मरम्मत व रीवोर, नाली, खडंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्मे 02-01-2022 से 07-01-2022 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 10-01-2022 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीधर के घर से तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य (150 मीटर) मनरेगा से | 5 लाख | 1 माह |
| 2. | तालाब से नीरज के खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य (150 मीटर) मनरेगा से | 5 लाख | 1 माह |
| 3. | मुलायम के खेत से तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य (100 मीटर) मनरेगा से | 4 लाख | 1 माह |

संगीता देवी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत कुई
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

कृष्ण राज श्रीवास्तव
(ग्राम पंचायत अधिकारी)
ग्राम पंचायत कुई
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2021-22/दिनांक

# न्यू एंजिल्स स्कूल के टीकाकरण में किशोरों में दिखा उत्साह

## अच्छी धूप निकलने से बच्चे दस बजे से शुरू हो गये एकत्र होना

**अखंड भारत संदेश**



न्यू एंजिल्स स्कूल में टीकाकरण के बाद प्रसन्न मुद्रा में छात्र-छात्राएं।

**प्रतापगढ़।** 15 से 18 वर्ष के छात्र-छात्राओं में कोरोना के प्रति अब वैक्सीनेशन होने से भय नहीं लगता। यह बात कटरा रोड स्थित न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में आयोजित वैक्सीनेशन कैम्प में आए छात्र-छात्राओं से सुनने को मिली।

किशोर वर्ग की यह छात्र-छात्राएं मानती हैं कि वैक्सीनेशन से किशोरों की सुरक्षा बढ़ी है। उनका कहना है कि स्कूल से वैक्सीनेशन की सूचना मिलने पर उन्हें बेहद खुशी हुई और वैक्सीनेशन कराने के बाद उनका आत्म विश्वास बहुत बढ़ा है। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग स्कूलों में हाईस्कूल व इंटर की छात्र-छात्राओं को वैक्सीन लगाने के लिये वैक्सीनेशन कैम्प लगा रहा है। गुरुवार को सुबह से ही धूप आने से पूर्वान्ह दस बजे से ही न्यू एंजिल्स स्कूल में छात्र-छात्राएं एकत्र होने लगे थे। स्कूल के प्रधानाचार्य कक्ष के बाहर गुरुवार को छात्रों को वैक्सीनेशन किया जा रहा था जिसमें स्वास्थ्य विभाग की ममता शुक्ला एवं प्रिया सिंह कार्य में लगी थीं। इनमें से एक नर्स छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन कर रही थी और दूसरा बच्चों को वैक्सीनेशन कर रही थी। छात्र-छात्राओं में वैक्सीनेशन के प्रति उत्साह भी दिखाई दिया। स्कूल की प्रबंधिका डा0 शाहिदा एवं प्रधानाचार्य वीके सोनी लगातार बच्चों का वैक्सीनेशन के बाद हाल-चाल पूछ रहे थे।

डा0 शाहिदा ने बताया कि स्कूल में पिछली बार कैम्प लगा था तो वर्षा हो रही थी फिर भी 300 बच्चे वैक्सीनेशन के लिये आए थे। आज अच्छी धूप निकली है, इससे वैक्सीनेशन के लिये बच्चे लगातार आ रहे हैं। वैक्सीनेशन के बाद छात्र-छात्राएं प्रफुल्लित थी। इससे लगा कि उन्हें कोई तकलीफ नहीं हुई। वैक्सीनेशन कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक आरके सिंह, विवेक ओझा, शिवम श्रीवास्तव आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## पीडब्लूडी एप के माध्यम से सहयोग प्राप्त करें: राम प्रकाश

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह ने समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि विधानसभा निर्वाचन 2022 के अन्तर्गत निर्वाचन आयोग भारत सरकार के द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ पीडब्लूडी एप के माध्यम से दिव्यांगजनों को निर्वाचन हेतु पी0डब्लू0डी0 के रूप में चिन्हित करने के लिये अनुरोध, नये मतदाता पंजीकरण के लिये अनुरोध, स्थानान्तरण के लिये अनुरोध, बदलने का आग्रह (सुधार, विलोपन), व्हील चेयर के लिये अनुरोध, चुनाव नामावली में अपना नाम खोजे, अपने मतदान केन्द्र पर जाने के लिये, शिकायत दर्ज करें/मतदान अधिकारी खोजे, बूथ लोकेटर, स्थिति जांच करें व आलेख पढ़े/देखेह्वह्व की सुविधा पीडब्लूडी एप के माध्यम से मतदान में सहयोग हेतु जानकारी प्राप्त कर सकते है। जानकारी प्राप्त करने के लिये पीडब्लूडी एप अपने मोबाईल फोन पर स्टाल कर लागिन करने के पश्चात ही उक्त जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# सीमा क्षेत्र मे चीन और पाकिस्तान की बेजां हरकत चिन्ताजनक : प्रमोद तिवारी

## सीएलपी नेता मोना ने मंहगाई की विफलता पर यूपी सरकार पर बोला हमला

**अखंड भारत संदेश**



प्रमोद तिवारी।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने मौजूदा समय मे सीमा पर पडोसी चीन द्वारा लददाख एवं गलवन क्षेत्र तथा पाकिस्तान के द्वारा पुंछ की तरफ से मिल रही चुनौती को चिंताजनक करार दिया है। वहीं सूबे की कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मंहगाई तथा कानून व्यवस्था मे भाजपा पर पूरी तरह विफल होने के आरोप लगाते हुए दोनों सरकारों को जनता की उम्मीदों के साथ लगातार छलावे का तंज कसा है।

सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से इधर फिर कुछ समय से अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के साथ ही नियंत्रण रेखा के उस पार से ड्रोन से हथियारो एवं मादक पदार्थो के गिराये जाने की खतरनाक बढ़ोत्तरी हुई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि सीमा पार से लगातार चुनौतियो के बावजूद केन्द्र की मौजूदा मोदी सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अब भी गंभीर नजर नही आ रही है। गुरूवार को नगर के कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि लश्कर तथा जैश आतंकी गुटों का अलकायदा से मजबूत जुड़ाव भी गंभीर खतरा बनकर खड़ा हुआ है। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ददन सिंह, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, लालजी यादव, भुवनेश्वर शुक्ल, आचार्य विन्देश्वरी पटेल, जयसिंह, रवीन्द्र मिश्र, महन्थ द्विवेदी, सुनील त्रिपाठी, बब्लू तिवारी, माता शुक्ला, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र सिंह, छोटे सिंह आदि रहे।

## एडी हेल्थ ने सीएचसी का किया निरीक्षण, लगाई फटकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गुरुवार को रानीगंज सीएचसी में एडी हेल्थ राकेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडी हेल्थ ने वार्ड से लेकर कोविड वैक्सीनेशन आदि कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान गैरहाजिर डॉक्टरों को लेकर एडी हेल्थ ने कड़ी फटकार लगाई। एडी हेल्थ के निरीक्षण के समय मुख्य चिकितसाधिकारी डा0 अरविन्द श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। रानीगंज के निरीक्षण के बाद एडी गौरा सीएचसी का भी निरीक्षण किया। यहां पर भी स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये। इस दौरान एडी हेल्थ के निरीक्षण को लेकर स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप रहा।

## गणेश चैथ के लिये खरीदारों की बाजार में उमड़ी भीड़

### *मनचाहे दामों पर बिना गन्ना, गाजर*



गणेश चौथ के लिये खरीदारी करते लोग।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गणेश चैथ के लिये गुरुवार को बाजारों में भीड़ रही। ज्यादातर लोग गन्ना, गंजी, गाजर आदि की दुकानों पर सामान खरीदते नजर आए। गन्ने के छोटे-छोटे टुकडे.जिसमें केवल चार गांठें होती है, दस रुपये में एक टुकड़ा बिक रहा है।

वहीं छोटी-छोटी गाजर चार पीस भी दस रुपये में बिकी। दुकानदारों ने भीड़ का फायदा उठाते हुए अपने-अपने सामानों को मनचाहे दामों पर बेंचा। बता दें कि अपने पुत्रों की सलामती व खुशहाली के लिये हिन्दू माताएं गणेश चैथ का व्रत रखकर पूजन-हवन करती हैं। यह माघ की चतुर्थी पर हर वर्ष मनाया जाता है। इसे गणेश चतुर्थी भी कहा जाता है जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू महिलाएं खुशी-खुशी व्रत रखकर अपने पुत्र की सलामती के लिये पूजन-हवन करती हैं और पुत्र की दीघार्यु के लिये प्रार्थना भी करती हैं। इसे लेकर महिलाओं में एक अलग तरह से उत्साह भी देखा जा रहा है।

# अब ड्रोन के कैमरों से फसलों की होगी देखभाल

## खरपतवार खत्म करने के लिये होगा दवा का छिड़काव

**अखंड भारत संदेश**



ड्रोन से खेत में दवा का छिड़काव करते वैज्ञानिक।

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि कार्य करने वाले कुशल किसानों के लिये अच्छी खबर यह है कि उनके खेत के खरपतवार को समाप्त करने के लिये तथा फसलों के रखरखाव के लिये अब ड्रोन से दवा का छिड़काव किया जाएगा जिससे उनकी फसल बेहतर होने की संभावना होगी। ड्रोन से दवा के छिड़काव का प्रदर्शन कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने आज एक खेत में ड्रोन से दवा का छिड़काव करके किया। यह प्रदर्शन देखने के लिये बड़ी संख्या में किसान एकत्र थे।

खेती में ड्रोन के इस्तेमाल के बारे में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव का कहना है कि खेती खुले आसमान में किया जाने वाला काम है। इस पर कभी मौसम तो कभी बीमारी और कभी कीटों के हमले का खतरा बना रहता है। आजकल तो गाय, नीलगाय, सूकर, बंदर जैसे पशु भी खेती में फसलों को नुकसान पहुॅचा रहे हैं जिससे खेती किसानी के क्षेत्र में ड्रोन के उपयोगिता और बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि ड्रोन में लगे उच्च क्षमता वाले कैमरों की मदद से फसलों की देखरेख की जा सकती है।

फसल वैज्ञानिक डा0 नवीन कुमार सिंह ने बताया कि सटीक कृषि में ड्रोन की उपयोगिता महत्वपूर्ण है यह लगने वाले उर्वरक, पोषकतत्व, करटनाशकों आदि की मात्रा में कमी लाती है। इस ड्रोन की सहायता से 10 लीटर के घोल का छिड़काव मात्र 20 मिनट में 600 रुपए प्रति एकड़ की दर से किया जा सकता है और बताया कि इस ड्रोन की सहायता से फसल की लागत में कमी और विपरीत परिस्थितियों में भी छिड़काव का कार्य आसानी से और कम लागत में किया जाना संभव हो पाएगा। इस तकनीकी के प्रदर्शन के समय कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन कुमार सिंह, भाष्कर शुक्ला, स्वाती दीपक दुबे, अवधेश कुमार सिंह, डा0 अमित बरनवाल, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, डा0 रणजीत सिंह, यतेन्द्र कुमार, विनोद चैरसिया, जुगुल किशोर तिवारी, जी0आर0 पटेल, रविशंकर, अरूण शुक्ला तथा प्रगतिशील किसान रामआसरे, जीत लाल, हरी लाल, मस्तराम, गंगू, श्रीकेश, रामखेलावन, राकेश आदि ने प्रदर्शन को देखा।

## जमीनी विवाद में युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर निवासी मेवालाल सोनकर व रामचन्द्र अग्रहरि के बीच जमीनी विवाद का मामला न्यायालय में चल रहा है। गुरुवार की सुबह दोनों पक्षो में कहा सुनी के दौरान शिवेन्द्र तिवारी उर्फ बाल तिवारी को आरोपीगणों ने हाथपाई करते हुए मोबाइल छीन लिया और बाइक को तोड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी दिया। घटना की तहरीर वादी रामचन्द्र अग्रहरि ने पुलिस को दी। पुलिस ने मारपीट के मामले में छह आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# बिगड़े हालात तो ओपीडी में लग सकता है ताला!

## मास्क को लेकर लोगों में नहीं आ रही जागरूकता, अस्पताल प्रशासन भी नहीं लगा पा रहा पाबंदी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में भले ही अभी कोरोना वैरियंट ओमिक्रोन ने दस्तक नहीं दी है। लेकिन अगर लोग कोरोना गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाते रहे तो हालात बिगड़ सकते हैं।

जिला और महिला अस्पताल में जिस तरह से लोग महामारी को लेकर बेफिक्र बने है। उसको देखकर लगता है कि यह लापरवाही कभी भी भारी पड़ सकती है। ओटी में संक्रमण का फैलना कहीं न कहीं लापरवाही का नतीजा है। अगर लोगों में जागरूकता नहीं आई तो कब ओपीडी में ताला लग जाय भरोसा नहीं है।

जिले भर में कोरोना केस की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मरीजों के इलाज में जी जान से जुटे अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ भी महामारी के लपेटे में आ रहें है। जो रिपोर्ट आई है। उसमें से साफ पता चलता है कि संक्रमण मरीजो से फैल रहा है। जानकारों का कहना है कि मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसी के कायदे और कानून को लोग लगभग भूल गये हैं। जब आग लगती है तो बुझाने का सामान ढूढने से अच्छा है कि पहले से ही बंदोबस्त कर लेना चाहिए। सीएमओ एके श्रीवास्तव का कहना है कि लोग कोरोना के प्रति अगर जागरूक नहीं हुये तो स्थिति खराब हो सकती है।

### अस्पताल प्रशासन को लगानी होगी पाबन्दी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महिला और जिला अस्पताल ओपीडी के मरीजों को कोरोना गाइड लाइन का पालन कराने में अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से असफल साबित हो रहा है। लोगों का मानना है मेडिकल कॉलेज की तरफ से अस्पतालों के अंदर मरीजों को जागरूकता के इंतजाम काफी नहीं है। पर्चा काउंटर और ओपीडी के इर्दगिर्द अगर जागरूकता के पोस्टर जिस पर मास्क नहीं तो पर्चा नहीं, दवा नहीं, आपरेशन नहीं..से संबंधित स्लोगन लिखा हो चस्पा किया जाय तो भीड़ को जागरूक और पांबद किया जा सकता है।

## सई नदी रेलवे ब्रिज बनकर तैयार, चालू होने का इंतजार

### दोहरीकरण का रास्ता साफ, अगले साल तक सफर होगा आसान

**अखंड भारत संदेश**



सई नदी रेलवे पुल पर तैयार ब्रिज।

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन को दोहरीकरण ट्रैक मार्ग से जोड़ने में सबसे अहम कड़ी सई नदी का पुल बनकर तैयार हो गया। गुरुवार को बचे दो गार्डर की लॉन्चिंग पुल के फाउंडेशन पर की गई। इसी के साथ ही पुल पर दोहरीकरण का रास्ता भी साफ हो गया। अब इसको चालू होना है। जो शायद अगले वित्तीय वर्ष के बाद ही संभव हो पाये। अधिकारियों का ऐसा मानना है।बता दें कि अमेठी से प्रतापगढ़ ट्रैक दोहरीकरण का काम हो रहा है। इसके रास्ते में छोटे बड़े मिलाकर पांच पुल बनने हैं। जिसमें सई नदी पर बनने वाला ब्रिज सबसे लंबा करीब 105 मीटर है। जिस पर लोहे के बने भारी भरकम कुल आठ गार्डर रखे जाने थे। इसकी लांचिंग की प्रक्रिया एक महीने से चल रही थी। गुरुवार को क्रेन की मदद से शेष गार्डर को भी रख दिया गया। इसके बाद बचे हुये पुल चमरौधा पर गार्डर लांचिंग का काम होगा। फिलहाल इसमें अभी वक्त है। कामकाज का सुपरविजन कर रहे रेल निर्माण निगम लखनऊ के अधीक्षण अभियंता राकेश सैनी ने बताया है कि गुरुवार को बचे गार्डर की लांचिंग हुई। इसी के साथ उनकी साइड से अब पुल बनकर तैयार हो गया है। दोहरीकरण के बाद काफी बदलाव देखने को मिलेगा। मसलन, ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं होगा। इनकी स्पीड बढ़ जायेगी।

# बाजारों में जेठवारा पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

**अखंड भारत संदेश**



बाजार में फ्लैग मार्च करती पुलिस।

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जहां पुलिस प्रशासन पूरी तरह सजग नजर आ रहा है। पुलिस गश्त तेज कर दी गई है।

वहीं पुलिस भारी फोर्स के साथ क्षेत्र की विभिन्न बाजारों में फ्लैग मार्च निकाल कर शांति व्यवस्था बनाये रखने के प्रति लोगो को जागरूक कर रही है। गुरुवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी व जेठवारा थानाध्यक्ष आदित्य सिंह ने भारी पुलिस बल व पीएसी के जवानों के साथ जेठवारा सहित थाना क्षेत्र की डेरवा, लोकापुर, कटरा गुलाब सिंह, नौबस्ता, शमसेरगंज बाजारों में फ्लैग मार्च कर लोगो को शांति ब्यवस्था कायम रखने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान लोगों को शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये टिप्स भी जारी किये गये।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोडफोड का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व तोडफोड का केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे नैन पण्डित का पुरवा टोडरपुर निवासी भगवानदीन के पुत्र माता प्रसाद ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सोलह जनवरी को आठ बजे सुबह आरोपियो ने रंजिशन उसके दरवाजे मारपीट की। आरोपी गांव के ही राहुल उर्फ अंकित तिवारी तथा विक्की तिवारी पुत्रगण मुरलीधर व धीरेन्द्र पाण्डेय व जीतेन्द्र पाण्डेय पुत्रगण लक्ष्मीकांत ने गाली देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर उसे चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी घर मे रखी टीवी तोड़कर धमकी देते चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बुधवार की रात राहुल समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### माल वाहक ऑटो की बैटरी चोरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावा निवासी नवल किशोर उर्फ कक्कू अग्रहरि की माल वाहक ऑटो गाड़ी घर के पीछे हाता के अंदर खड़ी थी जिसमे मगलवार की बीती रात अज्ञात चोर हाता के अंदर कूदकर ऑटो गाड़ी की बैटरी खोल ले गए।दी।

## हाईस्कूल व इंटर के बच्चों की बनेगी ईमेल आईडी

**प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड ने कक्षा नौ से बारह तक के बच्चों की ई मेल आइडी बनाने को कहा है। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्य कांत शुक्ला ने जिले के इन बच्चों की ईमेल आईडी बनाकर प्रशिक्षित करने का निर्देश जारी किया है। इसकी जानकारी 27 जनवरी तक परिषद को दी जानी है। कोरोना संक्रमण के चलते वर्ष 2021 में यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा नहीं हुई थी। देखा जाए तो कोरोना के मामले फिर बढ़ रहे हैं। यूपी बोर्ड अपनी तरफ से कोर कसर नहीं रखना चाहता। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नंद ने बताया कि सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को इस का निर्देश दिया गया है वह कक्षा नौ से बारह तक के सभी बच्चों की ईमेल आईडी बनाएं और इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित करें। इसके साथ ही छमाही परीक्षाओं के अंक वेबसाइट पर अपलोड किए जाएं विद्यालयों में एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार पठन-पाठन ऑनलाइन कराया जाए।

# अपर जिला मजिस्टेज्ट ने 20 गुण्डों को किया जिला बदर

### छह माह के लिये हुए निष्कासित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध अपर जिला मजिस्टेज्ट (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत धारा-3(3) के तहत कार्यवाही करते हुये 20 गुण्डों को जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

अपर जिला मजिस्टेज्ट ने जिन 20 गुण्डों को जिला बदर किया है उनमें थाना लालगंज अन्तर्गत ग्राम शकूहाबाद के जुनैद सुत रफीक, हकीक सुत शमशाद, परवेज सुत मो0 उस्मान, ग्राम संगियापुर के भानू दूबे सुत राम विशाल दूबे, ग्राम धारूपुर गौखाड़ी के मनोज सुत बैजनाथ, ग्राम अर्जुनपुर के विजय यादव सुत अशोक कुमार, ग्राम सराय जगत सिंह के जीतलाल वर्मा सुत मथुरा, थाना संग्रामगढ़ ग्राम सराय निर्भय के मो0 इरफान सुत मो0 हियात, थाना बाघराय ग्राम आयी का पुरवा के विमल कुमार सुत अशोक कुमार यादव, थाना जेठवारा ग्राम बीबीपुर के हेमराज लोहार सुत राम शरन, पतुलकी के धर्मेन्द्र दूबे उर्फ पवन सुत प्रमोद दूबे, थाना कंधई ग्राम राजापुर मुफरिद के चांद बाबू सुत नन्हकउ, थाना अन्तू ग्राम पूरे केवल के धर्मेन्द्र कुमार सुत राम नरेश, थाना सांगीपुर ग्राम सराय तिहयित के विजय सिंह सुत बाबू लाल सिंह, थाना फतनपुर ग्राम कलीमुराद के प्रदुम्मन पाल सुत श्याम लाल पाल, थाना मानिकपुर ग्राम फत्ते का पुरवा बुलाकीपुर के अरबिन्द सुत श्रीराम, मिरगढ़वा के अरबाज सुत अबरार, थाना महेशगंज ग्राम भैसाना के विनय सुत बुधई सरोज, थाना रानीगंज रामपुर आधारगंज के मुख्तार अहमद सुत नियाजउद्दीन व थाना कोतवाली नगर ग्राम श्रीनाथपुर के सुनील कुमार गौतम सुत राजकुमार गौतम शामिल हैं।

## धराये गये तीन वांछित

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आपराधिक मुकदमों मे वांछित चल रहे तीन आरोपियों को धर दबोचा। कोतवाली लालगंज के महेशपुर निवासी साकेत अली के पुत्र रियाज अहमद के खिलाफ दुष्कर्म व धमकी को लेकर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज किया था। कोतवाल कमलेश कुमार पाल ने गुरूवार को पुलिस फोर्स के साथ गश्त व चेकिंग के दौरान आरोपी रियाज अहमद को साहबगंज तिराहे से दबोच लिया। इसी तरह रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी विनीत उपाध्याय व दरोगा सुनील कुमार ने भी दो आरोपियों को अलग अलग दबिश देकर गुरूवार की सुबह हिरासत मे ले लिया। चैकी इंचार्ज विनीत ने रायपुर तियाई के मो. शब्बीर के पुत्र मो. शमीम के खिलाफ दलित उत्पीड़न व मारपीट के मुकदमे मे दबोच लिया। वहीं हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं मे वांछित रघवापुर के द्वारिका प्रसाद पाण्डेय के पुत्र मुन्ना उर्फ प्रेमशंकर पाण्डेय को भी पुलिस ने हिरासत मे लिया है।

## सेंध काटकर चोरी करने का प्रयास असफल

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के ताला चैकी अंतर्गत रखहा बाजार में किराना दुकान में सेंधमारी करने में चोर असफल रहे। बीती रात शिवराम गुप्ता की किराना दुकान में पीछे से दीवाल में सेंध काटकर चोरी करने के इरादे से आये हुए चोरों को असफलता हाथ लगी जिससे किराना व्यापारी की गाढ़ी कमाई लूटने से बची। सुबह किराना व्यापारी को दुकान खोलने पर जानकारी मिला तुरंत 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी।

## खबर संक्षेप

### गाली गलौज अभद्रता कर महिला को लात घूसों से पीटा

**बेरूवा कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के मलाक मोहिद्दीन पुर गांव में बुधवार को 3:00 बजे एक महिला खेतों की ओर हरा चारा काटने गई थी इसी बीच गांव के एक युवक ने उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर मारपीट किया है पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। बताया जाता है कि मलाक मोहिद्दीन पुर गांव निवासी रेनू देवी पत्नी समुन्दरलाल बुधवार को 3:00 बजे पशुओं का हरा चारा लेने खेत की ओर गई थी इसी बीच गांव का एक युवक उनके पास पहुंच गया और बदनीयती से महिला को खेत में पटक दिया महिला ने जब विरोध किया तो गाली गलौज कर महिला को लात घूसों से बेरहमी से पीटा गया है महिला ने हो-हल्ला मचाया और जब तमाम लोग मौके पर एकत्रित होने लगे तो युवक गाली गलौज करते फरार हो गया है मामले की शिकायत महिला ने थाना पुलिस से की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में जिला पंचायत सदस्य पति लापता

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर निवासी जिला पंचायत सदस्य पूनम मौर्या के पति राजीव मौर्या बुधवार की रात्रि 2:00 बजे संदिग्ध हालात में गायब हो गए है कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग कोखराज गांव के मोड़ के पास स्थित प्रयागराज ढाबा के बाहर लावारिस हालत में उनकी गाड़ी खड़ी मिली है परिजनों से संपर्क टूट जाने के बाद परिवार में बेचैनी बढ़ गई और परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस अधिकारियों को दी है जिला पंचायत सदस्य के पति के अचानक लापता हो जाने की जानकारी मिलते ही पुलिस उसकी खोजबीन में सक्रिय हो गई है घटना की जानकारी मिलने पर कोखराज थाना पुलिस और सिराथू विधायक समेत सैकड़ो लोग ढाबा पर पहुँचे है ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर रात 2:00 बजे एक वाहन ढाबे के बाहर आकर खड़ा हुआ है और उसके बाद वाहन से उतरा व्यक्ति जनरथ बस में सवार होकर ढाबे से चला गया है घटनास्थल के साक्ष्य अपहरण की घटना से इंकार कर रहे हैं जबकि परिजन राजीव मौर्या के अपहरण

जिला पंचायत सदस्य का लग्जरी वाहन एक ढाबे के बाहर पुलिस ने किया बरामद



ढाबे के बाहर लोगों से पूछताछ करती पुलिस और मौके पर मौजूद विधायक

की बात कर रहे हैं आखिर किस परिस्थितियों में राजीव मौर्या गायब हुए हैं यह पुलिस की बड़ी जांच का विषय है राजीव मौर्या के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने के मामले की जांच में कोखराज पुलिस और एसओजी जुटी है और सभी संभावित आधार पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है बताते चलें कि जिला पंचायत सदस्य पति समर्थकों के साथ हमेशा चलते थे और समर्थकों के साथ चलने वाले जिला पंचायत सदस्य के पति का रहस्यमय तरीके से गायब हो जाना बड़ी चर्चा का विषय है जिस समय घटना बताई जा रही है उनके समर्थक उनके साथ मौजूद नहीं थे।

## पहले भी कई जिला पंचायत सदस्यों के गायब होने का मामला चर्चा में रहा

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत सदस्यों का अचानक रहस्यमय तरीके से गायब होना फिर नाटकीय ढंग से वापस आ जाना पुराना मामला हो चुका है इसके पहले भी कई जिला पंचायत सदस्यों के परिजनों ने अपहरण का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन बाद में जब जिला पंचायत सदस्य को पुलिस ने खोज निकाला तो गायब जिला पंचायत सदस्यों ने अपने ही परिजनों को झूठा करार दिया और पिकनिक मनाने की बात कह कर अपहरण के अपराध पर विराम लगा दिया जाता रहा है। गुरुवार की भोर से फिर जिला पंचायत सदस्य पूनम मौर्या के पति राजीव मौर्या के अचानक गायब होने की अफवाहें तेजी से फैल रही है इसके पीछे सच्चाई क्या है यह तो पुलिस की जांच का विषय है लेकिन कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज मोड़ के पास स्थित प्रयागराज होटल के बाहर राजीव मौर्या की कार खड़ी है जब पुलिस ने जांच की दिशा आगे बढ़ाई और सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला तो घटनास्थल से किसी के अपहरण की बात प्रकाश में नहीं आई है फिर राजीव मौर्या वहां से कैसे गायब हो गए हैं राजीव मौर्या के ड्राइवर को पुलिस ने खोज निकाला है उसका कहना है कि गाड़ी और राजीव मौर्या को वह होटल के पास छोड़कर चला गया है उसके बाद क्या घटनाएं हुई हैं इस बारे में राजीव मौर्या का चालक भी कुछ नहीं उजागर कर पा रहा है इसके पहले भी कई जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के परिजनों ने कई बार अपहरण किए जाने का आरोप लगा कर जिले में सनसनी फैला दी थी पूर्व के समय में भी जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अपहरण का आरोप लगने के बाद पुलिस के हाथ पांव फूल जाते थे और तमाम व्यवस्थाओं को छोड़कर अपहरण की घटनाओं के खुलासे में पुलिस परेशान हो जाती है लेकिन पूर्व के मामलों में देखा गया है कि जिन व्यक्तियों के अपहरण की बात उनके परिजनों द्वारा की जाती है बाद में वह सकुशल हँसते हँसते वापस लौट आते हैं और बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि वह पिकनिक मनाने गए थे यह उनका मौलिक अधिकार है उनका किसी ने अपहरण नहीं किया है जिला पंचायत सदस्य से लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने परिजनों को ही झूठा करार देते हैं परिजनों द्वारा दी गई तहरीर को भी जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य मनगढ़ंत बताकर इस अपराध को खारिज कर देते हैं अब राजीब मौर्या के साथ क्या घटनाएं हुई हैं यह पुलिसिया जांच का बड़ा विषय है लेकिन घटनास्थल पर अपहरण किए जाने का कोई साक्ष्य ना मिलने से राजीव मौर्या के गायब होने के पीछे भी बड़ी साजिश की बू आ रही है।

## 10 परीक्षा केन्द्र में 6971 परीक्षार्थी देगे यूपीटीईटी परीक्षा

### डीएम ने यू0पी0 टी0ई0टी0 परीक्षा को सकुशल एंव सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन कराये जाने हेतु स्टैटिक मजिस्ट्रेट, नोडल/सेक्टर मजिस्ट्रेट एंव केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ की बैठक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा आगामी 23 जनवरी 2022 को आयोजित होने वाली यू0पी0 टी0ई0टी0 परीक्षा को सकुशल एंव सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन कराये जाने हेतु स्टैटिक मजिस्ट्रेट, नोडल/सेक्टर मजिस्ट्रेट एंव केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि यू0पी0 टी0ई0टी0 परीक्षा दिनांक 23 जनवरी 2022 को आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा दो पालियों में होगी, जिसमें प्रथम पाली (प्राथमिक स्तर) की परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली (उच्च प्राथमिक स्तर) की परीक्षा अपरान्ह 2:30 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा हेतु कुल 10 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें कुल 6971 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे तथा प्रथम पाली हेतु 33 पर्यवेक्षक, 10 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 06 नोडल/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 03 सचल दलों की ड्यूटी लगायी गयी है। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा हेतु कुल 06 केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें 4591 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगें तथा द्वितीय पाली की परीक्षा हेतु 15 पर्यवेक्षक, 06 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 05 नोडल/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 03 सचल दलों की ड्यूटी लगायी गयी है। उन्हांने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में कोविड हेल्प डेस्क बनाया जायेगा तथा चिकित्सीय टीम की तैनाती की जायेगी जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्षतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित तरीके से संम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जारी दिशा निदेशों का अक्षरशः कड़ाई से अनुपालन कराया जाय तथा विशेष सतर्कता बरती जाय। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के मोबाइल परीक्षा केन्द्र के बाहर जमा कराने की व्यवस्था अवश्य की जाय तथा प्रत्येक अभ्यर्थी की कड़ाई से चेकिंग कराकर की प्रवेश दिया जाय। उन्होंने स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सी0सी0टी0वी0 कैमरा की गुणवत्ता एवं क्रियाशील को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कोविड गाइड लाइन का अनुपालन भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण रहे।

# सड़क हादसे में बस मालिक के भाई की मौत

अखंड भारत संदेश

## हादसे में मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में मचा कोहराम

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा चौराहे के पास एक बस मालिक के भाई को छोटा हाथी वाहन ने टक्कर मार दिया है घायल को परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए हैं जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है सड़क हादसे में बस मालिक के भाई की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बस मालिक के भाई के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम से शव वापस के आने के बाद फिर कोहराम मच गया है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा निवासी शमशाद अली प्राइवेट बस चलवाते हैं उनके भाई चांद बाबू बुधवार की रात्रि 9:00 बजे समदा में बस के पास खड़े किसी से बात कर रहे थे इसी बीच अचानक अनियंत्रित छोटा हाथी


हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन

वाहन चालक ने चांद बाबू उम्र 35 वर्ष पुत्र आमिर खान को टक्कर मार दिया है वाहन का टक्कर लगते ही चांद बाबू गंभीर घायल हो गए हैं आनन-फानन में घायल चांद बाबू को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर परिजन पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है जैसे ही चांद बाबू की मौत की जानकारी घर पहुंची कोहराम मच गया है।

## विदित सेठी ने युग अग्निहोत्री को हराकर विजेता होने का प्राप्त किया गौरव


**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश में प्रदेश की महत्वाकांक्षी शतरंज प्रतियोगिता मेकिंग द ग्रैंड मास्टर में 10 वर्ष से कम आयु वर्ग के अंतिम चक्र में गाजियाबाद के विदित सेठी ने कानपुर के युग अग्निहोत्री को हराकर अधिकतम 5 अंक अर्जित करते हुए विजेता होने का गौरव प्राप्त किया दूसरे बोर्ड पर विवान शुक्ला ने आद्या सिंह को तीसरे बोर्ड पर अथर्व प्रांजल ने राघव श्रीवास्तव को चौथे बोर्ड पर विराज सिंह गुंबर ने शेवाय अली को पांचवें बोर्ड पर श्लोक जैन को तोशी जनोटी ने छठे बोर्ड पर विवान खंडेलवाल ने श्रेयांश श्रीवास्तव को सातवें बोर्ड पर कुशाग्र गुप्ता ने प्रणव रस्तोगी को आठवीं बोर्ड पर अथर्व थपलियाल ने नवदीप टंडन को नवे बोर्ड पर अभिनंदन ने शौर्य दिव्यांशु को तथा 10 में बोर्ड पर निवान सदानी को ओजस राठी ने हराया। प्रतियोगिता में सभी उभरते हुए खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया अंत में प्रथम 10 खिलाड़ियों की अंक स्थिति अंक स्थिति में प्रथम विदित सेठी ( गाजियाबाद) 5अंक, द्वितीय युग अग्निहोत्री ( कानपुर), तृतीय विराज सिंह गुंबर ( गाजियाबाद) , चतुर्थ अथर्व प्रांजल ( गौतमबुद्ध नगर), पंचम विवान शुक्ला (गोरखपुर), षष्ठम तोशी जनोत्ती( गौतमबुद्ध नगर) , ( सभी 4 अंक) सप्तम आद्या सिंह ( गौतम बुद्ध नगर) ,अष्टम विहान खंडेलवाल (गाजियाबाद), नवम कुशाग्र गुप्ता ( गाजियाबाद), (सभी 3:30 अंक)श्लोक जैन (आगरा) 3अंक प्राप्त किया प्रथम चार खिलाड़ियों ने आगामी 3 फरवरी से प्रारंभ हो रही नाक आउट प्रतियोगिता में विदित सेठी युग अग्निहोत्री विराज सिंह गुंबर अथर्व प्रांजल ने क्वालिफाई किया है।

# प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार सिराथू पहुंचे डिप्टी सीएम ने किया वर्चुअल संवाद

अखंड भारत संदेश

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मेरे कार्यकर्ता बंधु स्वयं को एक कार्यकर्ता ना समझें, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि आपके और मेरे बीच किसी भी प्रकार की दीवार नहीं होगी

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा मेरी जन्मभूमि सिराथू से भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले मुझे विधानसभा सिराथू से प्रत्याशी बनाया गया है विधानसभा सिराथू से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद गुरुवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ आवास से प्रथम बार सिराथू पहुँचे और सिराथू विधानसभा के पार्टी पदाधिकारियों, बूथ व मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों एवं वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ वर्चुअल माध्यम से उन्होंने संवाद किया वर्चुअल बैठक में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मेरी राजनीतिक यात्रा 2012 में सिराथू विधानसभा के सभी लोगो के आशीर्वाद से सिराथू विधानसभा से प्रारंभ हुई थी उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से ही आज मैं इस बड़े दायित्व का निर्वाह कर रहा हूं। मेरे कार्यकर्ता बंधु स्वयं को एक कार्यकर्ता ना


कार्यकताओं के साथ वर्चुअल संवाद करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

समझें बल्कि सिराथू विधानसभा के प्रत्याशी के रूप में अपना दायित्व निभाएं। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि आपके और मेरे बीच किसी भी प्रकार की दीवार नहीं होगी। किसी प्रकार की समस्या होने पर सीधे आप मुझसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा एक ऑफिस एवं एक फोन नंबर सदैव सिराथू विधानसभा की जनता के लिए समर्पित रहेगा।

## हवाई फायरिंग कर दबंगों ने मां-बेटे के साथ किया मारपीट

### 15 दिन पहले भी दुकान में तोड़फोड़ कर दबंग कर चुके युवक और उसकी मां के साथ मारपीट

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिंधिया गांव में दबंगों ने एक दुकानदार के दुकान में घुसकर 3 जनवरी को गाली गलौज मारपीट कर हवाई फायरिंग किया था घर में घुसकर उवर्द्ध करने वाले दबंगों का कारनामा सीसीटीवी कैमरे में मौजूद है दबंगों ने दुकान के सामान भी तहस-नहस कर दिया है हमले में महिला को चोटे आई हैं जिसका अस्पताल में इलाज किया गया है मामले की सूचना पीड़ित युवक ने स्थानीय पुलिस चौकी में दिया लेकिन दबंगो पर कोई कार्यवाही नहीं हुई एक बार हमला किए जाने के बाद दबंगों पर पुलिस की कार्यवाही ना होने से 16 जनवरी को फिर उपरोक्त दबंगों ने युवक और उसकी माँ पर हमला कर दिया है जिससे दोबारा फिर महिला को चोटे आई है लगातार दो बार हमले से भयभीत युवक ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर दबंगों पर कार्यवाही की मांग की है। घटनाक्रम में बताया जाता है कि अरविंद कुमार के पिता पुलिस विभाग में दिवान के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने अपना पैतृक गांव रसूलपुर गिरसा के साथ सिंधिया में नया घर बनवा कर परिवार सहित रहने लगे 3 जनवरी को दबंगों ने पुलिस दीवान की पुत्रवधू संजू देवी पत्नी अरविंद कुमार मिश्रा के साथ गाली गलौज मारपीट कर दुकान का समान तहस नहस किया है दबंगों ने तमंचे से फायर कर दहशत फैलाने का प्रयास किया है मामले की शिकायत पीड़ित महिला के बेटे श्री नारायण ने स्थानीय चौकी पुलिस से किया लेकिन मामले में आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई है पुलिस की लापरवाही से दबंगों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने दोबारा 16 जनवरी को फिर श्री नारायण और उसकी मां पर हमला कर दिया जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं घायल अवस्था में श्री नारायण की माता संजू देवी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना दोबारा देने के बाद भी पुलिस ने हमलावरों पर कार्यवाही नहीं की है जिस पर श्री नारायण मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर बार-बार हमला करने वाले दबंगों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

## शोकसभा कर पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**कौशाम्बी।** वयोवृद्ध पत्रकार एवं युनाइटेड भारत के ब्यूरो प्रमुख रणछोर सिंह एवं पत्रकार अशोक विश्वकर्मा के पिता मोती लाल विश्वकर्मा के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों ने शोकसभा के श्राद्धांजलि दी तथा शोक व्यक्त किया। प्रेस क्लाब कौशाम्बी के महामंत्री विमलेश शुक्ला की अगुवाई में आयोजित की गई शोकसभा में दिवंगतों के आत्मशांति व शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर रवीन्द्र अग्रहरि, कमल मिश्र, संजय मिश्र, योगेन्द्र सिंह, नीरज सिंह विकास मालवीय आर्दश श्रीवास्तव, मनोज दुबे, हिमांशु भटट, पंकज अग्रहरि, श्रवण पाण्डेय, निरंजन चौधरी, रिकू सिंह वेद प्रकाश पाण्डेय, राकेश केसरी, जरीना सिददीकी, सुधीर कश्यप, राजकमल पाल,शैलेन्द्र द्विवेदी, कुलदीप शुक्ला, अजय कुमार अभिसार भारतीय, अरविन्द तिवारी, अमित शक्ला, सतीश नामदेव, मनोज दुबे, महेन्द्र मिश्र, अरूण जायसवाल, बंशीलाल विनोद पाण्डेय आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# विधान सभा के चुनाव में युवाओं की भूमिका होगी निर्णय : सुशील जयहिंद


टूनार्मेंट आयोजन के अवसर पर उपस्थित समर्थ किसान पार्टी नेता सुशील जय हिंद व अन्य

**कौशाम्बी।** चायल विधानसभा क्षेत्र के सराय अकिल कस्बे के आदर्श इंटर कॉलेज मैदान पर गुरुवार को आधे आदर्श क्रिकेट क्लब एक टूनार्मेंट का आयोजन किया गया यह टूनार्मेंट की शुरूआत आदर्श क्रिकेट क्लब के द्वारा किया जा रहा है मैच की उद्घाटन चायल विधानसभा के समर्थ किसान पार्टी के प्रत्याशी सुशील जय हिंद के हाथों के द्वारा हुआ उन्होंने कहा कि युवा देश की रीड की हड्डी है और युवाओं का ही शोषण हो रहा है हर युवा

### सराय अकिल कस्बे में गुरुवार को आधे आदर्श क्रिकेट क्लब टूनार्मेंट का हुआ आयोजन

हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता है पढ़ाई का हो या खेल का लेकिन उनको उनकी प्रतिभा के अनुसार उनको अधिकार नहीं मिल पाते हैं और वंचित रह जाते हैं उन्होंने कहा कि यहां क्रिकेट खेलने वाले हर युवा अपने आप में सचिन तेंदुलकर बनने का सपना लेकर क्रिकेट से लगाव रखता है और वह सचिन तेंदुलकर से भी बढ़कर अच्छा खेल सकते हैं लेकिन सत्ता में बैठे हुए लोग उनको वंचित कर देते हैं युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विधानसभा चुनाव में आप लोग बदलाव करें हमें वोट दें मेरा साथ दें युवाओं की तरक्की के सारे रास्ते खोल दिया जाएंगे इस दौरान इलाके के तमाम खिलाड़ी समर्थ किसान पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### एसपी ने किया अर्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च



**करारी कौशाम्बी।** विधानसभा 2022 चुनाव की घोषणा होते ही निर्वाचन क्षेत्रों को अर्धसैनिक बलों के हवाले कर दिया गया है जिले की तीनों विधानसभा सीटें सिराथू मंझनपुर चायल की स्थितियों की जांच पड़ताल और लोकेशन अर्ध सैनिक बल के जवान ले रहे हैं। उसी परिप्रेक्ष्य में मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र के अति संवेदनशील क्षेत्र के बराई बंधवा सहित कई गांव में पुलिस कप्तान राधेश्याम विश्वकर्मा के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल के जवान और स्थानीय करारी थाना पुलिस के जवानों ने क्षेत्र में पैदल मार्च कर शांतिपूर्ण और सकुशल चुनाव संपन्न करवाने हेतु भ्रमण किया इस दौरान पुलिस कप्तान राधेश्याम विश्वकर्मा ने आम जनमानस से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने की अपील की साथ ही आगामी चुनाव में निडर होकर बढ़-चढ़कर मतदान करने की बात कही उन्होंने चुनाव में जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाया है साथ ही अपराधी प्रवृत्ति वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव के दरम्यान यदि किसी प्रकार की असंवैधानिक गतिविधि या कार्य करने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बूथ अध्यक्ष,पन्ना प्रमुख लिखेंगे सफलता की इबारत : धर्मराज मौर्य



**अझुवा कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कार्यकताओं को संगठन की नीतियों को समझाते हुए कहा कि पार्टी सर्व स्पर्श और सर्वव्यापी नीति लेकर आगे बढ़ रही है जिससे संगठन के बूथ समितियां और पन्ना प्रमुख मिलकर बूथ विजय अभियान के तहत आगामी चुनाव के सफलता की इबारत लिखेंगे धर्मराज मौर्य बृहस्पतिवार को अझुवा मंडल के शक्ति केंद्र अझुवा एवं भौंतर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पहुँचे शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुख ने उनका सम्मान भी किया अपने संबोधन में जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी धर्मराज मौर्य द्वारा भाजपा सरकार द्वारा किए गए जनहित के कार्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया गया उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि चुनाव को गंभीरता से लेने की जरूरत है क्योंकि प्रदेश में सपा की सरकार बनने का मतलब गुंडों की सरकार बनाना है आगामी विधानसभा चुनाव अभियान की रणनीति का खाका खींचते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकताओं को समझाते हुए कहा कि जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए तैयार हैं बस उन्हें सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की जरूरत है इस मौके पर शिव प्रताप मौर्य,ज्ञान शर्मा,अदिति कुमार केसरवानी सहित भारतीय जनता पार्टी के तमाम सेक्टर बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख मौजूद रहे।

# कोविड टीकाकरण में आगे आए युवा वर्ग : सीएमओ

अखंड भारत संदेश

### कोविड टीकाकरण में बेहतर प्रदर्शन प्रदेश में आठवे स्थान पर अपना जनपद कौशाम्बी

### अपील जिले 15-18 वर्ष के 57.09 % का हुआ कोविड टीकाकरण दूसरों को भी टीकाकरण के लिए करें प्रेरित : डॉ हिंद प्रकाश मणि

**करारी कौशंबी।** जनपद में कोविड टीकाकरण का ग्राफ बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में स्कूलों में शिविर लगाएं जा रहे हैं वहीं युवाओं के बीच कोविड टीके के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल, चाइल्ड लाइन जैसे संस्थानों से मदद ली जा रही हैं। इसी बीच मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बुधवार को अपील की है कि युवा वर्ग निःसंकोच टीकाकरण के लिए आगे आएं। साथ ही अपने आसपास के लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनपद में 57.09 % युवाओं को कोविड टीका से प्रतिरक्षित किया जा चुका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हिन्द प्रकाश मणि ने कहा कि जिन ब्लॉक में कोविड टीकाकरण की संख्या अच्छी है वहां यही तेजी बनाए रखना होगा। जहां कम है वहां और काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि 15-18 आयु वर्ग के युवा कोविड टीके की दूसरी डोज की नियत तारीख पर लगवा लें तभी पूरी सुरक्षा मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान व अन्य विभागों की मदद और सत्र विभाजन जैसे फामूर्ले भी इस टीकाकरण को बढ़ाने में सार्थक भूमिका निभा रहे हैं। सभी के प्रयास से जागरूकता की लहर पैदा की जा रही है। सर्विलांस अधिकारी डॉ. यश अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर 19 जनवरी 2022 सुबह 9 बजे तक के आंकड़ों की जानकारी के मुताबिक जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 93.79 % प्रतिशत लोगों ने टीके की पहली डोज लगवा ली है, जबकि 60.40% प्रतिशत की आबादी कोविड टीके की दोनों डोज ले चुकी है। वहीं 15-18 आयु वर्ग के 57.09 % प्रतिशत किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है। 54.93 प्रतिशत पात्र लोगों को प्री-कॉशन डोज भी मिल चुकी है। जिसमे मुख्य रूप से हेल्थकेयर वर्कर फ्रंट लाइनवर्कर शामिल जो कि कोविड की तीसरी लहर के प्रभावी रोकथाम में लगे हुए साथ ही चुनाव की ड्यूटी में लगे हुयें हैं। सर्विलांस अधिकारी ने बताया कि जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद कौशाम्बी की कोविड टास्क फोर्स जिसमे स्वास्थ्य विभाग ने जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ समन्वय स्थापित कर जनपद के समस्त स्कूल और कालेज के प्रधानाचार्यो के साथ मिलकर सभी ब्लाक में चरणबद्ध तरीके से टीकाकरण कराया अब जनपद के ग्रामीण क्षेत्रो के ऐसे बच्चे जो कि स्कूल कालेज नहीं जाते हैं उनको आशा एएनएम हेल्थ सुपरवाईजर के माध्यम से जागरूक कर उनका भी कोविड टीकाकरण किया जा सके` उन्होंने कहा कि 93.79 % प्रतिशत लोगों ने टीके की पहली डोज ली है और जिन लोगों ने अभी तक प्रथम डोज भी नहीं ली वो चिंता का विषय हैं जिसे प्राप्त करने के लिए जिलाधिकारी अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स लगातार प्रयास कर रही हैं जिसमे विभाग आशा एएनएम हेल्थ सुपरवाईजर के माध्यम और ग्रामीण समिति प्रधानो से भी सहयोग मांग कर लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हैं।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एकीकृत कोविड कमांड एंड कैंट्रोल सेंटर एवं स्वाथ्य विभाग से आशा एएनएम हेल्थ सुपरवाईजर के माध्यम और ग्रामीण समिति प्रधानों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रो में तेजी से जागरूकता कर रही हैं ताकि प्रथम डोज के लिए लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके । उन्होंने बताया कि अभी 1,17,789 का दूसरा डोज बाकी हैं उन्होंने लोगों से अपील की है कि जिनके दूसरी डोज का नंबर आ गया है लेकिन वह जानकारी के बाद भी टीकाकरण केंद्र पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। ऐसे लोगों से स्वास्थ्य विभाग यह आग्रह करता है कि अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से नजदीकी ,कोविड टीकाकरण स्वास्थ्य केंद्र में जाकर दूसरे डोज का टीका अवश्य लगवाएँ कोविड अनुपूरक व्यवहार अपनाएं दो गज की दूरी, मास्क एवं सेनिटाइजर, एवं साबुन पानी से बार-बार 40 सेकेण्ड तक हाथ धोएं।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 140 वाहनों का ई चालान किया गया तथा 02 वाहन का चालान कर 2000 रुपए सम्मन शूल्क वसूला गया

### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त जकी अहमद पुत्र स्व० वशी निवासी भीखपुर मेड़वारा थाना पिपरी को 01 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## संपादक की कलम से

# श्रीलंका पड़ा पस्त

**चीन** की विस्तारवादी नीति का खामियाजा आखिरकार चीन को भोगना ही पड़ा। विकास का दिखावा कर चीन ने जिस तरह से श्रीलंका को हर तरफ से फंसाया है, वह पाकिस्तान-नेपाल सरीखे देशों के लिए सबक है। खैर, चीन के शिकंजे में आने वाला श्रीलंका पहला देश नहीं है। इससे पहले वह कई छोटे देशों को अपने जाल में फंसा चुका है। भारत की तरफ से श्रीलंका को लंबे समय से आगाह किया जाता रहा, मगर विकास और आर्थिक मदद के आगे उसे अपना हित नहीं दिखा और सब कुछ लुटा बैठा। अब यही हाल पाकिस्तान का है। आज जो चीन उसका सबसे बड़ा हितैषी बन बैठा है, एक दिन वही उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। बेहतर होगा कि पाकिस्तान श्रीलंका के हश्र से सबक ले और अपने देश पर चीन की बढ़ते दखल को रोके। पाकिस्तान के पास वैसे भी खोने को कुछ नहीं है, लेकिन जो बचा है, उसे सहेज सकता है। चीन के कर्ज में डूबे श्रीलंका की अर्थव्यवस्था बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। महंगाई इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि लोग खाने-पीने का सामान खरीदने के लिए जूझ रहे हैं। कोरोना महामारी के कारण खजाना लगातार खाली हो रहा है। फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व 10 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। ऐसे में लोन चुकाना श्रीलंका के लिए मुश्किल हो गया है और वह साल 2022 में दिवालिया हो सकता है। हालांकि, श्रीलंका की सरकार ने 1.2 अरब डॉलर (करीब 8 हजार करोड़ भारतीय रुपए) के इकोनॉमिक रिलीफ पैकेज की घोषणा की है। वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे का दावा है कि देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोन डिफॉल्ट नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राहत पैकेज से महंगाई नहीं बढ़ेगी और कोई नया टैक्स भी जनता पर नहीं लगाया जाएगा। श्रीलंका को अगले 12 महीनों में 7.3 अरब डॉलर (करीब 54,000 करोड़ भारतीय रुपए) का घरेलू और विदेशी कर्ज चुकाना है। कुल कर्ज का लगभग 68 फीसदी हिस्सा चीन का है। उसे चीन को 5 अरब डॉलर (करीब 37 हजार करोड़ रुपए) चुकाने हैं। पिछले साल उसने गंभीर वित्तीय संकट से निपटने में मदद के लिए चीन से अतिरिक्त एक अरब डॉलर (करीब 7 हजार करोड़) का लोन लिया था, जिसका भुगतान किस्तों में किया जा रहा है।

# पत्रकारों के सवालों से 'लाजवाब' होते यह 'रणछोड़'

-निर्मल रानी-

**हमारे** देश में 'मीडिया' व पत्रकारिता का स्तर इतना गिर चुका है कि 'गोदी मीडिया ', 'दलाल मीडिया' व 'चाटुकार मीडिया' जैसे शब्द प्रचलन में आ गये हैं। दुर्भाग्यवश सत्ता प्रतिष्ठान को 'दंडवत ' करने तथा सत्ता के एजेंडे को प्रसारित करने वाले पत्रकारों को भी दलाल,चाटुकार व बिकाऊ पत्रकारों जैसी उपाधियों से नवाजा जा चुका है। कहना गलत नहीं होगा कि मुख्य धारा के अधिकांश मीडिया घराने तथा इससे जुड़े पत्रकार, पत्रकारिता जैसे जिम्मेदाराना पेशे की मान मयार्दा व कर्तव्यों का पालन करने के विपरीत चाटुकारिता,धनार्जन तथा सत्ता के समक्ष नत मस्तक होने को ही पत्रकारिता मान बैठे हैं। परन्तु आज भी देश में बी बी सी व एन डी टी वी जैसे कुछ गिने चुने मीडिया संस्थान,अनेक सोशल मीडिया साइट्स तथा इन्हीं से जुड़े कुछ पत्रकार ऐसे भी हैं जो 'वास्तविक पत्रकारिता ' की लाज बचाए हुए हैं। और जब ऐसा ही कोई सच्चा पत्रकार किसी भी राजनेता या धर्मगुरु से कुछ ऐसे सवाल पूछ बैठता है जिसका जवाब देना आसान नहीं होता,अथवा जिन सवालों के जवाब यह देना नहीं चाहते,या फिर इनके सामने ऐसे सवाल रख दिये जाते हैं जिनसे यह इसलिये बचना चाहते हैं क्योंकि इनके पास उन सवालों के जवाब नहीं हैं,उस समय इनकी खीज व चिढ़ देखने लायक होती है। यह उस समय अपना माइक उतार फेंकते हैं,पत्रकार को अपमानित करते हैं,गाली गलौच व मारपीट पर उतर आते हैं। और भविष्य में ऐसे 'गुस्ताख ' पत्रकार को कभी कोई इंटरव्यू भी नहीं देते। देश के अनेक जाने माने पत्रकार इन दिनों अपने 'दलाल स्वामियों ' की गुलामी करने के बजाये अपना यू ट्यूब चैनल चला कर न केवल अपने पेशे की लाज बचा रहे हैं बल्कि देश को वास्तविक पत्रकारिता के तेवरों से भी परिचित करा रहे हैं। परन्तु इन परिस्थितियों में सवाल यह पैदा होता है कि आखिर जो कथित धर्म गुरु या राजनेता देश व समाज को मार्ग दर्शन देने का दावा करते हैं,जिन्हें यह मुगालता रहता है कि वे जो भी करते या कहते हैं केवल वही शाश्वत सत्य है, उन्हीं के पास किसी भी कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार के सवालों का माकूल जवाब आखिर क्यों नहीं होता ? क्यों ऐसे लोग उन पत्रकारों को अपमानित करने लगते हैं यहाँ तक कि हिंसा पर उतारू हो जाते हैं ?




पिछले दिनों गाजियाबाद के डासना स्थित मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद ने बी बी सी की टीम को एक पूर्व निर्धारित इंटरव्यू दिया। महंत यति नरसिंहानंद का नाम मीडिया के द्वारा पहली बार तब प्रचारित किया गया था जब डासना स्थित उनके मंदिर के बाहर लगे एक प्याऊ पर गत वर्ष 11 मार्च को पानी पीने के कारण एक मुसलमान परिवार के आसिफ नामक बच्चे को बुरी तरह से पीटा गया था तथा उसका वीडियो वायरल किया गया था। इस घटना के बाद महंत ने कहा था कि उन्हें इस घटना पर कोई अफसोस नहीं है। यही महंत इन दिनों मुसलमानों के विरुद्ध सार्वजनिक रूप से जहर उगलते फिर रहे हैं। इन्होंने भारतीय मुसलमानों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष छेड़ने का आह्वान कर भारत की पूरी दुनिया में काफी बदनामी भी की है। पिछले दिनों बीबीसी की टीम यति नरसिंहानंद की सहमति से उनसे समय तय करने के बाद हरिद्वार के सवानंद घाट पर उनका साक्षात्कार करने पहुँची। बीबीसी संवाददाता ने जब उनसे हरिद्वार में गत दिनों आयोजित धर्म संसद में मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरी टिप्पणी करने से जुड़े विषय के बारे में पूछा गया तो वे भड़क उठे। उन्होंने अपने कोट में लगा माइक उतारकर फेंक दिया और ऊँची आवाज में अपशब्द बोलने लगे। मौके पर मौजूद यति नरसिंहानंद के समर्थकों ने बीबीसी पत्रकार व उनकी टीम के साथ मार पीट,गाली-गलौच और धक्का-मुक्की की। उन्होंने धमकियाँ दीं और पूरी टीम को काफी देर तक जबरन रोके रखा। बी बी सी पत्रकार सहित इंटरव्यू लेने पहुंची पूरी टीम की तलाशी ली गई और उन्हें धमकाया गया कि वीडियो प्रसारित नहीं होना चाहिए। इस घटना के बाद बीबीसी ने यति नरसिंहानंद व उनके सहयोगियों के विरुद्ध पुलिस में 341 (गैर-कानूनी तरीके से बलपूर्वक रोकना), 352 (बिना उकसावे के हमला), 504 (अपमान, गाली-गलौज, शांति भंग) और 506 (धमकी देना) जैसी अपराधिक धाराओं के अंतर्गत शिकायत दर्ज की गई। अब जरा इनके चरित्र इनकी बोल वाणी,इनकी भाषा इनके इरादों तथा देश की सामाजिक एकता के ताने बाने को छिन्न भिन्न करने के इनके इरादों पर गौर कीजिये और उसी समय इस जैसे व्यक्ति व इसके साथियों की एक जिम्मेदार मीडिया संस्थान की टीम के साथ हिंसक बर्ताव करने के हौसले को भी देखिये तो साफ पता चलेगा कि इसके पास पत्रकार द्वारा पूछे गये सवाल का जवाब ही नहीं था। अभी कुछ दिनों पूर्व उत्तर प्रदेश के एक उप मुख्य मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बी बी सी पत्रकार को कुछ इसी अंदाज में अपमानित किया था। वहां भी हरिद्वार में आयोजित कथित धर्म संसद से जुड़े सवाल किये गये थे जिसे सुनकर केशव प्रसाद मौर्य असहज हो गये और झुंझलाहट में उन्होंने भी पत्रकार को बुरा भला कहते हुये अपने गले में पड़ा माइक उतार फेंका। इससे पूर्व 2007 में प्रसिद्ध पत्रकार करन थापर ने नरेंद्र मोदी का गुजरात के मुख्य मंत्री रहते हुए साक्षात्कार किया था। उस समय गुजरात में 2002 में भड़की मुस्लिम विरोधी हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी का जिक्र जैसे ही करन थापर ने किया उसी समय नरेंद्र मोदी असहज हो गये उन्होंने पानी मांगते हुए अपने गले में पड़ा माइक निकाल दिया ।

# स्मृति शेष: कथक सम्राट बिरजू महाराज

-डॉ. दिलीप अग्निहोत्री-

**भारतीय संगीत की अनेक विधाएं हैं। इसमें कथक** नृत्य का विशेष महत्व है। इसके साथ किसी कलाकार का नाम सदा सर्वदा के लिए जुड़ना विलक्षण होता है। पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज को इसका गौरव हासिल हुआ। देश-विदेश में जब भी कथक की चर्चा होगी उनका नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा। बचपन में ही उन्होंने कथक की साधना प्रारंभ की थी। आजीवन इसके प्रति समर्पित रहे।

कथक उनके जीवन में रच-बस गया था। उनकी सामान्य वार्ता में भी गजब की भाव-भंगिमा हुआ करती थी। नृत्य की बात तो अलग है। उनमें हथेलियों की भाव-भंगिमा से अभिव्यक्त की अद्भुत क्षमता थी। ऐसा करते समय वह एक शब्द भी बोलते नहीं थे। हथेलियों से सब कुछ समझा देते है। भोर होना, चिड़ियों की उड़ान,उनके द्वारा अपने बच्चों तक दाना पहुंचना, फूलों का खिलना आदि सब हथेलियों के माध्यम से जीवंत हो जाता है। इसी प्रकार वह नृत्य किये बिना ही अनेक दृश्यों को साकार कर देते थे। इसमें वीर रस से लेकर श्रृंगार रस के प्रसंग भी होते थे। नृत्य में यंत्रवत प्रदर्शन। सब कुछ नपा तुला। साथ में भावनाओं की अभिव्यक्ति।

उनके चाहने वालों में एक साथ कई पीढ़ी के लोग थे। उन्होंने तेरह वर्ष की अवस्था में ही कथक में महारथ हासिल की थी। उस दौर में भारतीय संगीत बहुत लोकप्रिय हुआ करता था। बिरजू महाराज ने उस समय अपना विशिष्ट मुकाम बनाया था। पाश्चात्य संगीत का प्रभाव बढ़ने के बाद भी उनकी लोकप्रियता कायम रही। वर्तमान पीढ़ी में भी उनकी पसंद करने वाले कम नहीं है। उन्होंने सत्यजीत राय की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी में संगीत दिया। इस फिल्म के दो गानों के नृत्य पर गायन किया था। करीब दस वर्ष पहले बनी फिल्म देवदास के गाने-

काहे छेड़ छेड़ मोहे

का नृत्य संयोजन किया था। फिल्म डेढ़ इश्किया उमराव जान, बाजी राव मस्तानी में भी कथक नृत्य का निर्देशन किया था। करीब सात वर्ष पहले फिल्म बाजीराव मस्तानी के गाने मोहे रंग दो लाल के नृत्य निर्देशन के लिये उन्हें फि ल्मफेयर पुरस्कार

मिला था। इसके पहले उन्हें पद्म विभूषण संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा कालिदास सम्मान आदि अनेक सम्मान प्राप्त हुए थे। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं खैरागढ़ विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि मानद मिली थी।

भारतीय शास्त्रीय संगीत में लखनऊ घराने के विशेष महत्व है। कथक सम्राट पद्मविभूषण बिरजू महाराज ने इसे बुलंदियों पर पहुंचाया। लखनऊ के विद्यांत शिक्षण संस्थान का नाम आते ही वह भावुक हो जाते। बिरजू महाराज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा यहीं से ग्रहण की थी। उन्होंने एक बार स्वयं बताया था कि बचपन से ही शिक्षा के संगीत में उनकी गहरी रुचि थी। क्लास और स्कूल में भी मौका मिलने पर वह नाचते थे। विद्यांत स्कूल के बाहर के दुकानदारों तक उनके विलक्षण हुनर की चर्चा पहुंच गई थी। होनहार विरवान के होत चिकने पात।

बिरजू महाराज ने बताया था कि उन्हें पतंग उड़ाने का शौक था। वह स्कूल के बाहर पतंग लेने जाते थे। वहां लोग उनके नृत्य के मुरीद थे। फरमाइश होने लगती थी। उनके नन्हे कदम थिरकने लगते थे। दुकानदार उन्हें बिना पैसा लिए पतंग दे दिया करते थे। बिरजू महाराज को सब याद था। अक्सर वह लखनऊ आते थे। एक बार मुलाकात में उनसे विद्यांत स्कूल की चर्चा छेड़ी, ऐसा लगा जैसे वह अपने बचपन में लौट गए हो। जब वह नृत्य के बदले पतंग ले लिया करते थे। तब किसी को यह कल्पना नहीं रही होगी कि यह बालक कथक के शिखर पर आसीन होगा। बिरजू महाराज के देश में अनगिनत शिष्य हैं। देश के अनेक हिस्सों में जाकर वह शिष्यों और कथक कलाकारों की नृत्य की बारीकियां समझते रहे। लखनऊ का कालिका बिन्दादिन ड्योढ़ी में कत्थक का केंद्र था। बिरजू महाराज के दो चाचा व ताऊ, शंभु महाराज एवं लच्छू महाराज भी कथक के साधक थे। उनके पिता अच्छन महाराज थे। जिन्होंने बिरजू महाराज को संगीत शिक्षा दी। बिरजू महाराज ने कथक नृत्य में नए रंग जोड़े। इन्होंने पन्द्रह सौ से अधिक ठुमरियों का कम्पोजिशन किया। लखनऊ घराना कथक नृत्य शैली में छोटे टुकड़ों का महत्व होता है। नृत्य के बोलों के अतिरिक्त पखावज की परने और परिमलु के बोल भी नाचे जाते हैं। बिरजू महाराज ने इन सभी को नए रूप में सँवारा। उनको आकर्षक बनाया। वह अनवरत इस साधना में लगे रहे।

उनका जन्म 4 फरवरी, 1938 को लखनऊ के कालका बिन्दादीन घराने में हुआ था। पहले उनका नाम दुखहरण रखा गया था। लेकिन यह नाम जमा नहीं। इसलिए उनका नाम बृजमोहन नाथ मिश्रा रखा गया। लेकिन यह नाम भी उनके साथ जुड़ नहीं सका। वह देश दुनिया में बिरजू मगराज के नाम से ही प्रख्यात हुए। इनके पिता का नाम जगन्नाथ मिश्र थे। वह भी अच्छन महाराज के नाम से संगीत जगत में विख्यात थे। अच्छन महाराज ने ही सर्वप्रथम अपने इस पुत्र की प्रतिभा को पहचाना था। वह इनके प्रथम संगीत गुरु थे। उन्होंने संगीत दीक्षा प्रारंभ की थी। बिरजू महाराज जब नौ वर्ष के थे तभी पिता अच्छन महाराज का निधन हो गया। उनकी मृत्यु के बाद उनके चाचा शंभू महाराज व और लच्छू महाराज ने इस दायित्व का निर्वाह किया। इन्होंने गोवर्धन लीला, माखन चोरी, मालती माधव, कुमार संभव व फाग बहार इत्यादि की रचना की।

# जलवायु परिवर्तन समझौते और वर्तमान स्थिति

-कुलभूषण उपमन्यु-

**वैश्विक** स्तर पर जलवायु परिवर्तन से पैदा हुए खतरों से दुनिया परिचित हो चुकी है। आज यह कोई वैज्ञानिक भविष्यवाणी मात्र न रह कर एक सच्चाई की तरह विभिन्न प्राकृतिक दुर्घटनाओं के रूप में सामने आ रही है। बाढ़, सूखा, समुद्री तूफान, अंधड़, बेमौसमी बर्फबारी, ग्लेशियर पिघलने के कारण आसन्न जल संकट जैसे कितने ही बदलाव दृष्टि गोचर हो रहे हैं। समुद्री तटों से लगते इलाके और देश, बढ़ते समुद्र तल के कारण डूबने के खतरे में घिर सकते हैं। इन खतरों के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र संघ लगातार पहल कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन इस दिशा में आधारभूत सम्मेलन है। 1992 में इस सम्मेलन के निष्कर्षों पर 197 देशों ने हस्ताक्षर किए और 21 मार्च 1994 से इस समझौते को लागू माना गया।



इस समझौते की मूल बात यह है कि इसके द्वारा यह माना गया कि जलवायु परिवर्तन एक समस्या है और इसके समाधान के लिए कुछ किया जाना चाहिए। जिसका मूल कारक हरित प्रभाव गैसें हैं जो वैश्विक तापमान वृद्धि का कारण हैं। ये गैसें उर्जा उत्पादन के लिए मुख्यतः कोयला या खनिज तेल जलाने के कारण पैदा हो रही हैं और वातावरण में जमा हो रही हैं। इसी वृद्धि से जलवायु परिवर्तन हो रहा है। इस समझौते द्वारा विभिन्न पक्षों से यह अपेक्षा की गई कि वे हरित-प्रभाव-गैसों के मानव-जनित उत्सर्जन को इस सीमा के भीतर नियंत्रित करेंगे जिससे जलवायु तन्त्र पर खतरनाक प्रभाव न पड़े। इस लक्ष्य की घोषणा हो ताकि एक शुरूआत हो और आगे चल कर विस्तृत, विशिष्ट समझौते किए जा सकें। इसमें जलवायु के सन्दर्भ में साझी किन्तु जिम्मेदारियों के सन्दर्भ में अलग-अलग जिम्मेदारियों की संकल्पना की गई। जिसका अर्थ यह है कि विकासशील देशों से यह उम्मीद की जाती है कि वे जलवायु परिवर्तन रोकने में योगदान करेंगे किन्तु विकसित देश जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए पहलकदमी करेंगे क्योंकि ये देश ऐतिहासिक रूप से पहले ही बहुत ज्यादा हरित-प्रभाव-गैसों का उत्सर्जन कर चुके हैं। विकासशील देशों में खासकर और वैश्विक स्तर पर आमतौर पर टिकाऊ आर्थिक विकास पर बल देने की बात की गई। इस दिशा में विकासशील देशों की उपलब्धि व प्रदर्शन को विकसित देशों द्वारा तकनीक हस्तान्तरण और आर्थिक सहायता से जोड़ा गया। इस समझौते में सभी देशों द्वारा हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन की मात्रा की घोषणा करने और विकसित देशों द्वारा हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन को कम करने से संबंधित नीतियों की घोषणा करने की भी अपेक्षा की गई। इसके बाद लगातार सम्मेलन होते रहे जिन्हें संबंधित पक्ष सम्मेलन कहा गया। इन सम्मेलनों में क्योटो सम्मेलन पहला महत्वपूर्ण सम्मेलन है जहां क्योटो प्रोटोकोल पर हस्ताक्षर हुए। इस प्रोटोकॉल द्वारा पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन के आशयों को लागू करने के लिए नियम बनाए गए। रूस द्वारा मान्यता देने के बाद 2005 में इसे लागू माना गया। किन्तु हरित गैसों के उत्सर्जक बड़े देश अमेरिका ने इस प्रोटोकोल को मान्यता नहीं दी क्योंकि विकासशील देश होने के कारण पहले दर्जे के हरित गैस उत्सर्जक चीन और तीसरे दर्जे के उत्सर्जक भारत पर कोई नियन्त्रण इस प्रोटोकॉल में नहीं सुझाए गए थे। जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन में यह अपेक्षा की गई थी कि जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया को उस स्तर के भीतर रोकना होगा जिससे परिस्थिति तंत्र स्वयं को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल ढाल सके और टिकाऊ विकास और कृषि उत्पादन पर घातक प्रभाव न पड़े। इस प्रोटोकॉल में 37 औद्योगिक देशों के लिए उत्सर्जन कम करने के लक्ष्य निर्धारित किए गए। 1990 के स्तर से 5% उत्सर्जन कम करने का लक्ष्य रखा गया।

# फिर पाकिस्तान की बदनामी

-डॉ. वेदप्रताप वैदिक-

**अमेरिका में** एक ऐसी आतंकी घटना हुई है, जिसके कारण पाकिस्तान फिर से सारी दुनिया में बदनाम हो रहा है। सारी दुनिया के अखबारों और टीवी चैनलों पर इस खबर को प्रमुख स्थान मिला है।



खबर यह है कि मलिक फैजल अकरम नामक एक आदमी ने टेक्सास के एक यहूदी मंदिर (साइनोगॉग) में घुसकर चार लोगों को बंदूक के दम पर बंधक बनाए रखा। यह आतंकी दृश्य इंटरनेट के जरिए सारा अमेरिका देख रहा था। अमेरिकी पुलिस ने आखिरकार इस आतंकी को मार गिराया।

यह आतंकी यों तो ब्रिटिश नागरिक था लेकिन वह पाकिस्तानी मूल का था। उसने साइनेगॉग पर इसलिए हमला बोला कि वह अमेरिकी जेल में बंद आफिया सिद्दिकी नामक महिला की रिहाई की मांग कर रहा था। आफिया मूलतः पाकिस्तानी है और वह अमेरिकी जेल में 86 साल की सजा काट रही है। उसे 'लेडी अलकायदा' भी कहा जाता है। आफिया को इसलिए 2010 में गिरफ्तार करके उस पर न्यूयार्क में मुदकमा चलाया गया था कि उसे अफगानिस्तान में कुछ अमेरिकी फौजी अफसरों की हत्या के लिए जिम्मेदार माना गया था। आफिया सिद्दिकी पाकिस्तानी तो थी ही, वह पाकिस्तानी नेताओं की नजर में महानायिका भी थी। उसकी रिहाई के लिए पाकिस्तान के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने खुली अपीलें की थीं। उसे 'राष्ट्रपुत्री' का खिताब भी दिया गया था। उसके पक्ष में दर्जनों प्रदर्शन हुए थे। आतंकी मलिक अकरम ने टेक्सास के साइनेगॉग में बंदूक और विस्फोटकों के धमाकों के बीच दावा किया था कि वह आफिया का भाई है। लेकिन यह गलत था। अभी तक कोई ऐसा प्रमाण सामने नहीं आया है,

जिसके आधार पर कहा जा सके कि इस आतंकी घटना में पाकिस्तान की सरकार या फौज का कोई हाथ है लेकिन अब पाकिस्तान में मलिक फैजल अकरम को कुछ लोग 'शहीद' की उपाधि देकर महानायक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस ने इस आतंकी घटना की घोर भर्त्सना की है और अमेरिकी जनता में, खासकर यहूदियों में इसकी सख्त प्रतिक्रिया हुई है।

# यूपी चुनाव में भाजपा सहित सभी दलों ने दलितों-पिछड़ों पर लगाया है बड़ा दांव

-अजय कुमार-

**उत्तर प्रदेश** में विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के बीच पाला बदलने की जो होड़ चली थी, उसकी रफ्तार अब काफी कम हो गई है। चाहे समाजवादी पार्टी हो या फिर भारतीय जनता पार्टी, दोनों ने भी अब बाहरी नेताओं की एंट्री पर रोक लगा दी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तो घोषणा तक कर दी है कि अब वह किसी बाहरी नेता को पार्टी में एंट्री नहीं देंगे। उधर भाजपा ने खुलकर तो कुछ नहीं कहा है, लेकिन अब उसने भी दलबदलू नेताओं से दूरी बना ली है। बहरहाल, पाला बदलने की दौड़ में कई नेताओं को तो उनकी मंजिल मिल गई, लेकिन इस दौड़ में शामिल सभी नेताओं की किस्मत एक जैसी नहीं रही। कई नेता ऐसे भी रहे जिनकी किस्मत ने उनका पूरी तरह से साथ नहीं दिया। इसमें से कुछ वह नेता भी थे, जिन्होंने पाला बदलने का फैसला काफी देरी से लिया, जिस कारण वह हाशिये पर खड़े रह गए। इसीलिए पश्चिमी यूपी में कांग्रेस का बड़ा मुस्लिम चेहरा समझे जाने वाले इमरान मसूद जो लम्बे समय से समाजवादी चोला ओढ़ने को बेताब लग रहे थे, उनके लिए सपा में दरवाजे नहीं खुल पाए और उन्हें बेमन से बहुजन समाज पार्टी में जाने को मजबूर होना पड़ गया। इसी प्रकार भीम आर्मी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद भी समाजवादी पार्टी से समझौता नहीं कर पाए। वहीं भाजपा के भीतर भी बाहरी नेताओं की एंट्री से पार्टी के पुराने नेताओं और कार्यकताओं की नाराजगी को देखते हुए पार्टी ने हाथ खड़ा कर लिया है, लेकिन अभी भी इक्का-दुक्का नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई जा रही है। खैर, नेताओं के पाला बदलने के खेल में सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी को उठाना पड़ा।

कांग्रेस तो करीब-करीब नेताविहीन ही हो गई। कमोवेश बसपा का भी यही हाल है। बसपा के सभी दिग्गज नेता पार्टी से बाहर चले गए हैं, बस सतीश मिश्र के रूप में एक पुराना और बड़ा चेहरा पार्टी में बाकी रह गया है। सतीश मिश्रा के सहारे ही बसपा ब्राह्मण कार्ड खेलने की कोशिश कर रही है। बसपा की पहली लिस्ट में 53 उम्मीदवारों में से 17 ब्राह्मण और 14 मुस्लिमों के अलावा 09-09 प्रत्याशी दलित और पिछड़ा समाज के हैं।

# दोस्ती के बीच कोई दीवार नहीं होती

-डा. वरिंदर भाटिया-

**इस** साल गणतंत्र दिवस समारोह की शुरूआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस जन्मदिन से शुरू हो जाएगी। अभी तक 24 जनवरी से गणतंत्र दिवस समारोह का औपचारिक आयोजन शुरू होता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब हर साल सुभाष चंद्र बोस की जयंती यानी 23 जनवरी से गणतंत्र दिवस समारोह की शुरूआत होगी। भारत में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और ह्यजय हिंदह्ण का नारा देने वाले नेता जी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में हुआ था। उनके जन्म को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के रूप में मना कर उन्हें याद किया जाता है। साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि भी दी जाती है। गौरतलब है कि राजनेता और बुद्धिजीवी नेताजी को भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में उनके खास योगदान के लिए जाना जाता है। सुभाष चंद्र बोस की जिंदगी से जुड़ी अहम बातें जानना सामयिक और ज्ञानवर्धक है। यह राष्ट्र के युवाओं के लिए खास तौर पर प्रेरणादायक भी है। सुभाष चंद्र बोस स्वामी विवेकानंद को अपना आध्यात्मिक गुरु मानते थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था, जो अंग्रेजों का मुकाबला करने के लिए बनाई गई एक सैन्य रेजिमेंट थी। बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना के साथ एक महिला बटालियन भी गठित की थी जिसमें उन्होंने रानी झांसी रेजिमेंट का गठन किया था। महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता की उपाधि सबसे पहले बोस ने ही दी थी। जानकारी के अनुसार उन्होंने साल 1944 में रेडियो पर गांधी जी को राष्ट्रपिता कहा था।

नेताजी ने लाखों युवाओं को आजादी के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया था। नेताजी ने मैट्रिक परीक्षा में दूसरा और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपनी आईसीएस की नौकरी छोड़ दी और साल 1921 में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए इंग्लैंड से भारत वापस आ गए थे। जानकारी के मुताबिक नेताजी ने कहा था कि स्वतंत्रता पाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध छेड़ना जरूरी है। स्वाधीनता संग्राम के लगभग अंतिम 2 दशकों के दौरान उनकी भूमिका एक सामाजिक क्रांतिकारी की रही थी। सुभाष चंद्र बोस ने अहिंसा और असहयोग आंदोलनों से प्रभावित होकर ह्यभारत छोड़ो आंदोलनह्ण में अहम भूमिका निभाई। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सुभाष चंद्र बोस की सराहना हर तरफ हुई। देखते ही देखते वह एक महत्त्वपूर्ण युवा नेता बन गए। ह्यतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्ण, ये उनका बहुचर्चित नारा बना। उन्होंने जर्मनी में भारतीय स्वतंत्रता संगठन और आजाद हिंद रेडियो की स्थापना की। 29 मई 1942 के दिन सुभाष चंद्र बोस जर्मनी के सर्वोच्च नेता एडॉल्फ हिटलर से मिले। लेकिन हिटलर को भारत के विषय में विशेष रुचि नहीं थी। उन्होंने सुभाष चंद्र बोस को सहायता का कोई स्पष्ट वचन नहीं दिया।

मास्को से जर्मनी गए। हिटलर से मिले और हिटलर से दस्ताना उतारकर हाथ मिलाने को कहा, कहा कि दोस्ती के बीच कोई दीवार नहीं आनी चाहिए, और आगे के मिशन के लिए मदद मांगी। कई साल पहले हिटलर ने ह्यमाईन काम्फह्ण नामक आत्मचरित्र लिखा था। इस किताब में उन्होंने भारत और भारतीय लोगों की बुराई की थी। इस विषय पर सुभाष चंद्र बोस ने हिटलर से अपनी नाराजगी व्यक्त की। हिटलर ने अपने किए पर माफी मांगी और माईन काम्फ के अगले संस्करण में वह परिच्छेद निकालने का वचन दिया। अपने संघर्षपूर्ण एवं अत्यधिक व्यस्त जीवन के बावजूद नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्वाभाविक रूप से लेखन के प्रति भी उत्सुक रहे। अपनी अपूर्ण आत्मकथा ह्यएक भारतीय यात्रीह्ण (ऐन इंडियन पिलग्रिम) के अतिरिक्त उन्होंने दो खंडों में एक पूरी पुस्तक भी लिखी, भारत का संघर्ष (द इंडियन स्ट्रगल), जिसका लंदन से ही प्रथम प्रकाशन हुआ था। यह पुस्तक काफी प्रसिद्ध हुई थी।

## ऑस्ट्रेलिया टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा, भारत तीसरे स्थान पर




**दुबई।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एशेज श्रृंखला4-0 से जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया दुनिया की नंबर एक रैंक वाली टेस्ट टीम बन गई है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला 2-1 से हारने के बाद भारतीय टीम तीसरे स्थान पर आ गई है, जबकि न्यूजीलैंड अपने दूसरे स्थान पर कायम है। न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ खेला था। ऑस्ट्रेलियाई टीम के 119 रेटिंग अंक हैं और पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम तीसरे स्थान पर काबिज भारत से तीन अंक आगे है। भारतीय टीम के 116 अंक हैं। वहीं, न्यूजीलैंड के 117 अंक हैं। भारत के खिलाफ सीरीज जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इंग्लैंड 101 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान एक स्थान नीचे छठे स्थान पर खिसक गया है, जबकि श्रीलंका, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान और आयरलैंड ने अपना स्थान बरकरार रखा है।

## यॉर्कशर ने गिब्सन को मुख्य कोच नियुक्त किया

**लीड्स।** यॉर्कशर ने वेस्टइंडीज के पूर्व आलराउंडर ओटिस गिब्सन को मुख्य कोच नियुक्त किया है। इंग्लैंड की इस क्रिकेट टीम ने कहा है कि गिब्सन के आने से नस्ली प्रकरण के बीच समावेश की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

यॉर्कशर के पूरे कोचिंग स्टाफ ने पिछले महीने क्लब छोड़ दिया था जब खबर आई थी कि पूर्व खिलाड़ी अजीम रफीक टीम की ओर से खेलने के दौरान नस्ली उत्पीड़न का शिकार बने।

यॉर्कशर इस मामले से जिस तरह निपटा उससे उसने अपने प्रायोजक गंवा दिए और साथ ही हैडिंग्ले में अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन का अधिकार भी खो बैठा।

अश्वेत क्रिकेटर गिब्सन की नियुक्त उस समय हुई है जब यॉर्कशर आमूलचूल बदलाव की प्रक्रिया से गुजर रहा है। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डेरेन गॉ को अंतरिम क्रिकेट महानिदेशक नियुक्त किया गया है। गिब्सन को गॉ के अंतर्गत काम करना है।

गिब्सन इससे पहले वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच की भूमिका निभा चुके हैं और इंग्लैंड के गेंदबाजी कोच भी रहे हैं।

## एशियाई कप : भारतीय टीम की दो सदस्य टूनार्मेंट की पूर्व संध्या पर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव

**मुंबई।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की दो खिलाड़ियों को एएफसी एशियाई कप से पहले बुधवार को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया जिससे आयोजकों ने उन्हें पृथकवास के लिये एक चिकित्सा सुविधा में रख दिया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने ट्वीट किया, एएफसी महिला एशियाई कप भारत 2022 के लिये भारतीय सीनियर राष्ट्रीय टीम की दो सदस्यों को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया है और उन्हें इस समय चिकित्सा सुविधा में पृथकवास में रखा गया है। महासंघ ने एक अन्य ट्वीट में लिखा, एआईएफएफ अपने खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है और एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) द्वारा जारी जरूरी स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन कर रहा है। एआईएफएफ के करीबी एक सूत्र ने कहा कि इन दोनों में से एक खिलाड़ी को ईरान के खिलाफ मैच में शुरूआती एकादश में खेलना था। मेजबान भारत अपने अभियान की शुरूआत ईरान के खिलाफ नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम में करेगा। टूनार्मेंट सभी टीमों के लिये काफी मायने रखता है क्योंकि शीर्ष पांच टीमें 2023 फीफा महिला विश्व कप में जह बनायेंगी। भारत को चीन, चीनी ताइपे और ईरान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

## सानिया ने की संन्यास की घोषणा, कहा- 2022 उनका आखिरी सीजन होगा



**मेलबर्न।** भारत की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने बुधवार को कहा कि 2022 सीजन उनका आखिरी सीजन होगा। सानिया ने छह ग्रैंड स्लैम जीते हैं और डब्ल्यूटीए युगल रैंकिंग में शीर्ष पर भी पहुंची हैं। वह 2007 के मध्य में दुनिया में रैंकिंग के मामले में 27वें नंबर पर थी, इसने उन्हें भारत की अब तक की सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला खिलाड़ी बना दिया।

सानिया ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला युगल स्पर्धा में शुरूआती दौर में हारने के बाद अपनी सेवानिवृत्ति की योजना की घोषणा की।

अपने मैच के बाद 35 वर्षीय सानिया ने कहा, "इसके कुछ कारण हैं। मैं अपने 3 साल के बेटे को उसके साथ इतनी यात्रा करके जोखिम में डाल रही हूं, यह कुछ ऐसा है जिसे मुझे ध्यान में रखना है। मुझे लगता है कि मेरा शरीर अब पहले जैसा नहीं रहा। आज मेरा घुटना बहुत दर्द कर रहा था और मैं यह नहीं कह रही कि यही कारण है कि हम हार गए लेकिन मुझे लगता है कि जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, मेरे चोट ठीक होने में समय ले रहे हैं।" उन्होंने कहा, "मैंने तय किया है कि यह मेरा आखिरी सीजन होगा। मैं हफ्ते दर हफ्ते तैयारी कर रही हूं, लेकिन मुझे यकीन नहीं है कि मैं सीजन तक रह पाऊंगी या नहीं, लेकिन मुझे रहना है।" उन्होंने कहा, "मैंने वापस आने, फिट होने, वजन कम करने और नई माताओं के लिए एक अच्छा उदाहरण स्थापित करने की कोशिश की है ताकि वे अपने सपनों को जी सकें। इस सीजन के बाद मुझे नहीं लगता कि मेरा शरीर आगे खेलने की इजाजत देगा।"

## वेस्टइंडीज के कोच फिल सिमंस ने स्वीकार किया, टीम में बल्लेबाजी की समस्या

**किंग्स्टन।** वेस्टइंडीज के कोच फिल सिमंस ने स्वीकार किया है कि उनकी टीम में बल्लेबाजी की समस्या है और अगर कैरेबियाई टीम अधिक मैच जीतना चाहती है तो इसे जल्द ही सुलझाना होगा। सिमंस की टिप्पणी आयरलैंड के खिलाफ विंडीज की एकदिवसीय श्रृंखला में हार के बाद आई है। कीरोन पोलार्ड की अगुवाई वाली टीम को आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। सिमंस ने कहा. "हमारे बल्लेबाजी की गुणवत्ता खराब रही। यदि आप हमारी टीम में है और शीर्ष स्तर पर आपका औसत 30 का होता है, तो आप इसे 40 या 50 तक नहीं पहुंचा सकते। हमें अंडर -19 से लेकर, अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों को खेलने के लिए तैयार करने पर ध्यान देना होगा। घरेलू स्तर पर 20 और 30 का औसत आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार नहीं करता है।" उन्होंने कहा, " हमारे खिलाड़ी स्थिति का सही कितना आकलन नहीं कर पा रहे हैं। सबीना पार्क में पारी की शुरूआत करने के लिए एक कठिन पिच थी, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है, खराब शॉट चयन बल्लेबाजी की विफलता का एक बड़ा हिस्सा है।" तीन एकदिवसीय मैचों में, वेस्टइंडीज की टीम 269, 229 और 212 रन बनाने में सफल रही और कप्तान पोलार्ड पिछले दो एकदिवसीय मैचों में पूरी तरह से विफल रहे। सिमंस ने कहा, "मैं टीम की सफलता के बारे में चिंतित हूं और मुझे चिंता है कि हम खिलाड़ियों को उनकी भूमिका निभाने के लिए कैसे प्रेरित करें। किसी भी खेल में जब टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है तो कोच पर ही इसका दबाव होता है। यह काम की प्रकृति है। मेरी भूमिका खिलाड़ियों को देखना, उनके साथ काम करना, उनमें अलग चीजें लाने की कोशिश करना है।"

## एमसीजी में खेलना सपने के सच होने जैसा: उन्मुक्त चंद




**मेलबर्न।** बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने उन्मुक्त चंद ने कहा कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेलना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। उन्मुक्त ने मंगलवार को मेलबर्न रेनगेड्स के लिए पदार्पण करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

उन्मुक्त ने ट्वीट किया,"एमसीजी में खेलना एक सपने के सच होने जैसा है। इस मैदान पर उतरते ही एक बच्चे जैसी ऊर्जा महसूस हुई। हालांकि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आया, फिर भी, यह एक अच्छा अनुभव था। उम्मीद है कि यहां डॉकलैंड्स में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ हम वापसी करेंगे और मैं भी अच्छा करूंगा। बड़े मंच पर वापसी करना अच्छा लग रहा है।ह्व

28 वर्षीय चंद ने पिछले साल भारत में अपने खेल करियर पर विराम लगाते हुए अमेरिका का रूख किया था। उन्होंने तीन आईपीएल फ्रेंचाइजी - दिल्ली डेयरडेविल्स, मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया और एक दशक से अधिक समय तक उनका घरेलू करियर रहा, जिसमें 67 प्रथम श्रेणी मैच शामिल हैं।

बता दें कि ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 2012 आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ चंद ने नाबाद 111 रन बनाए थे और भारत को खिताब जीताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## वीवीएस लक्ष्मण ने की भारतीय अंडर-19 टीम की तारीफ



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कोविड के कारण छह खिलाड़ियों के टीम से बाहर होने के बावजूद आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करने पर भारतीय अंडर -19 टीम की तारीफ की है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को घोषणा की कि कप्तान यश ढुल सहित भारतीय अंडर -19 टीम के 6 सदस्य कोरोना संक्रमित हो गए हैं। नतीजतन, निशांत सिंधु ने चल रहे अंडर-19 विश्व कप में आयरलैंड के खिलाफ मैच में भारत की कप्तानी की। यह मैच भारत ने 174 रनों से जीता।

वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि टीम इंडिया ने आयरलैंड के खिलाफ अपने संघर्ष में जबरदस्त चरित्र और परिपक्वता दिखाई। लक्ष्मण ने ट्वीट किया, "अंडर -19 टीम से चरित्र और परिपक्वता का जबरदस्त प्रदर्शन। आज के खेल के लिए केवल 11 खिलाड़ियों के साथ मैदान में जाना और जिस तरह से उन्होंने खुद को व्यक्त किया वह असाधारण था। मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता की मुझे उन पर कितना गर्व है! आयरलैंड के खिलाफ मैच एक ऐसा मुकाबला है जिसे वे जीवन भर संजो कर रखेंगे। आयरलैंड के खिलाफ मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 5 विकेट पर 307 रन बनाए।

भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज हरनूर सिंह और अंगक्रिश रघुवंशी ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए क्रमशः 88 और 79 रन बनाए, जबकि राज बावा ने 42, कप्तान निशांत सिंधु ने 36 और राजवर्धन ने 39 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड की टीम 133 रनों पर सिमट गई और भारत ने यह मैच 174 रनों से जीत लिया।

## ईस्ट बंगाल ने चखा जीत का स्वाद, गोवा को हराया




**गोवा।** एफसी गोवा को दो गलतियां भारी पड़ गई और इस कारण ईस्ट बंगाल को हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 में लम्बे इंतजार के बाद जीत का स्वाद चखने का अवसर मिल गया। फॉरवर्ड महेश नौरेम सिंह के दो गोल की मदद से रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने बुधवार को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए लीग मुकाबले में एफसी गोवा को 2-1 से हरा दिया। दो गोल करने के लिए महेश को हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। ईस्ट बंगाल के लिए नए कोच मारिओ रिवेरा का मैदान पर उतरना भाग्यशाली रहा, क्योंकि उसने कुल 15 मैचों (पिछले सीजन में चार और इस सत्र में 11 मुकाबले) के लम्बे इंतजार के बाद जीत हासिल की। हीरो आईएसएल 21-22 में अपनी पहली जीत से ईस्ट बंगाल दस टीमों की अंक तालिका के तल से एक स्थान ऊपर आ गई है। उसके 12 मैचों में एक जीत और छह ड्रा से नौ अंक हो गए हैं। वहीं, पांचवीं हार के बाद गोवा एक स्थान लुढ़ककर नौवें स्थान पर आ गई है। भारतीय कोच डेरिक परेरा की टीम के 12 मैचों में तीन जीत और चार ड्रा से 13 अंक हैं। मैच का पहला गोल नौवें मिनट में आया, जब महेश ने गोवा की डिफेंसिव गलती का फायदा उठाते हुए ईस्ट बंगाल को 1-0 से आगे कर दिया। दरअसल, गोवा के कप्तान एडु बेडिया ने हाफ लाइन पर अल्बेर्टो नोगुएरा को फॉरवर्ड पास खेलाया लेकिन मिडफील्डर ने अपने कप्तान को गलत बैक पास दे दिया। इस बैक पास को समझने में स्पेनिश सेंट्रल मिडफील्डर गलती कर गया और महेश चालाकी के साथ बेडिया के आगे से गेंद पर कब्जा करने में सफल रहे।

## एशियाई कप : भारतीय महिला टीम की दो सदस्य टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव

**मुंबई।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की दो खिलाड़ियों को एएफसी एशियाई कप से पहले बुधवार को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया जिससे आयोजकों ने उन्हें पृथकवास के लिये एक चिकित्सा सुविधा में रख दिया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने ट्वीट किया, एएफसी महिला एशियाई कप भारत 2022 के लिये भारतीय सीनियर राष्ट्रीय टीम की दो सदस्यों को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया है और उन्हें इस समय चिकित्सा सुविधा में पृथकवास में रखा गया है। आयोजक महासंघ ने एक अन्य ट्वीट में लिखा, एआईएफएफ अपने खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है और एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) द्वारा जारी जरूरी स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन कर रहा है। एआईएफएफ के करीबी एक सूत्र ने कहा कि इन दोनों में से एक खिलाड़ी ईरान के खिलाफ मैच में शुरूआती एकादश में खेली होती। मेजबान भारत अपने अभियान की शुरूआत ईरान के खिलाफ नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम में करेगा। इन दोनों पॉजिटिव मामलों के बावजूद टूनार्मेंट के आयोजन को कोई खतरा नहीं होगा क्योंकि एआईएफएफ अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने सोमवार को कहा था कि मैच में भाग ले रही दोनों टीमों में अगर 13-13 खिलाड़ी उपलब्ध हैं तो मैच रद्द नहीं किये जायेंगे। स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) के चेयरमैन पटेल ने कहा था कि अगर प्रतिभागी टीम की सदस्य वायरस से संक्रमित आती हैं तो इस तरह के हालात से निपटने के लिये आकस्मिक योजना बनायी गयी हैं। उन्होंने कहा था, संक्रमित खिलाड़ी या खिलाड़ियों को पृथकवास में रखा जायेगा लेकिन जब तक 13 खिलाड़ी (प्रत्येक टीम से) उपलब्ध रहेंगी तब तक मैच में टीमें खेलने के लिये उतारी जायेंगी।

सभी 12 प्रतिभागी टीमों ने टूनार्मेंट के लिये 23 सदस्यीय टीम चुनी है। टूनार्मेंट सभी टीमों के लिये काफी मायने रखता है क्योंकि शीर्ष पांच टीमें 2023 फीफा महिला विश्व कप में जह बनायेंगी।

भारत को चीन, चीनी ताइपे और ईरान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

महामारी के कारण टूनार्मेंट में कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल अपनाये जा रहे हैं।

सभी 12 प्रतिभागी टीमें कड़े बायो-बबल में रह रही हैं और टूनार्मेंट में शामिल सभी खिलाड़ियों और अधिकारियों को नियमित रूप से कोविड-19 जांच कराना अनिवार्य है। टीम होटलों में काम कर रहे सभी स्टाफ भी बायो-बबल में होंगे और वे बबल के बाहर किसी से भी शारीरिक रूप से संपर्क नहीं कर पायेंगे।

यही चीज बस के ड्राइवरों पर लागू है जो टीमों को ट्रेनिंग और मैचों के लिये ले जायेंगे। उन्हें भी बबल के अंदर ही रहने की जगह दी गयी है।

## बैडमिंटन : पीवी सिंधु ने हमवतन तान्या को दी मात, कनिका कंवल ने अमेरिका की दिशा को हराया

**लखनऊ।** भारत की स्टार शटलर व शीर्ष वरीय पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 में जीत से शुरूआत करते हुए अंतिम 16 में जगह बना ली। गोमतीनगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने भारत की ही तान्या हेमंत को 27 मिनट चले। मैच में 21-9, 21-9 से हराया। महिला एकल में भारत की कनिका कंवल ने अमेरिका की दिशा गुप्ता को 21-15, 16-21, 21-6 से मात दी।

पहले गेम में तान्या ने कुछ अंक जुटाए लेकिन सिंधु ने उम्दा कोर्ट कवरेज के सहारे अंक जुटाने शुरू किए और पहले 8-3 और फिर 14-5 की बढ़त बनाई। इसके बाद तान्या 4 अंक और जुटा सकी। सिंधु ने उम्दा स्मैश और ड्राप शॉट के सहारे तान्या को खासा छकाया और पहला गेम 21-9 से जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधु पिछड़ गयी इस दौरान तान्या ने स्मैश शॉट के सहारे 2-1 की बढ़त बनाई। हालांकि सिंधु ने कुछ उम्दा ड्राप शॉट खेलकर अंक जुटाए। दोनों के बीच एक-एक अंक के लिए संघर्ष हुआ लेकिन सिंधु ने 8-4 से बढ़त के बाद 16-8 के स्कोर से लगातार अंक जुटाते हुए 20-8 स्कोर पर गेम प्वाइंट बनाया लेकिन अगली ही सर्विस पर तान्या ने गेम प्वाइंट बचाया। हालांकि कुछ पल बाद सिंधु ने अंक जुटाते हुए 21-9 से मैच अपने नाम कर लिया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु की अब अगले दौर में अमेरिका की लॉरेन लैम से टक्कर होगी, जिन्होंने ईरा शर्मा को 15-21, 21-16, 21-16 से मात दी थी। सिंधु ने पिछला खिताब दो साल पहले जीता था। उन्हें इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में हार मिल थी।

महिला एकल में भारत की कनिका कंवल ने अमेरिका की दिशा गुप्ता को 21-15, 16-21, 21-6 से मात दी। महिला एकल में ही पांचवी सीड रूस की एवगेनिया कोसत्सकाया ने भारत की वैदेही चौधरी को 21-16, 21-10 से मात दी। हालांकि वैदेही ने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी लेकिन उनकी एवगेनिया ने अपनी लंबाई का फायदा उठाया और वैदेही की गलती का फायदा उठाते हुए जीत अपने नाम की।

महिला एकल के अन्य मैचों में छठीं वरीय थाईलैंड की सुपानिदा कातेथोंग ने भारत की श्रीकृष्णा कुद्रावल्ली को 21-13, 21-13 से हराया। एक अन्य मैच में फ्रांस की येले होयॉक्स ने भारत की अनुरा प्रभुदेसाई को 21-17, 21-18 से हराया। बुल्गारियन इंटरनेशनल की चैंपियन भारत की सामिया इमाद फारूकी ने श्रुति मुंदादा को तीन गेम तक चले मुकाबले में 17-21, 21-11, 21-10 से हराया। सामिया का अगले दौर में हमवतन कनिका कंवल से मुकाबला हागा।

महिला एकल में भारत की छठीं वरीय रिया मुखर्जी का अभियान हार से खत्म हो गया। उनके खिलाफ अमेरिका की ईशिका जायसवाल ने 21-8, 21-15 से जीत दर्ज की। साई उत्तेजिता राव चुका ने अंजना कुमारी को 21-9 21-12 से मात दी। साई उत्तेजिता की अब आकर्षी कश्यप से टक्कर होगी।

## यूपी योद्धा का लक्ष्य बंगाल के खिलाफ अपनी जीत की गति को जारी रखना

**बेंगलुरु।** जीएमआर समूह की पीकेएल खेलने वाली फ्रैंचाइजी, यूपी योद्धा, पुनेरी पलटन और तेलुगु टाइटंस के खिलाफ लगातार दो जीत के दम पर 21 जनवरी, 2022 को मौजूदा चैंपियन बंगाल वारियर्स के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल करने के लिए बेताब है। योद्धा अभी 33 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज है जबकि बंगाल वॉरियर्स 30 अंको के साथ 8वें स्थान पर है। पिछली बार जब दोनों टीमें भिड़ी थीं तो वॉरियर्स ने शेरेटन ग्रैंड व्हाइटफील्ड होटल और कन्वेंशन सेंटर में योद्धाओं को मौजूदा पीकेएल सीजन के पहले दिन 38-33 के स्कोर से मात दी थी। दोनों पक्ष अब तक 9 बार आमने-सामने आ चुके हैं, जिसमें से यूपी योद्धा दो बार बंगाल वारियर्स से बेहतर प्रदर्शनहासिल करने में सफल रहा है, तीन मैच ड्रॉ रहे हैं और चार बार योद्धाओं को हार का सामना करना पड़ा है। योद्धाओं ने अपने खेल को बेहतर तरीके से बढ़ाया है और हाल के मुकाबलों में उनका दबदबा रहा है। सुरेंद्र गिल, प्रदीप नरवाल और श्रीकांत जाधव रेडिंग विभाग में आना जिम्मा संभाले हुए हैं जबकि डिफेंस की कमान नितेश कुमार और सुमित अपने हाथों में लिए हुए हैं। सुरेंद्र गिल जिन्होंने पुनेरी पल्टन के खिलाफ अपने आखिरी गेम में 21 अंक अर्जित किए, अब इस सीजन में 5 सुपर रेड के साथ दूसरे सबसे ज्यादा सुपर रेड करने वाले रेडर हैं। इसके अलावा गिल कुल अंक और सफल रेड तालिका में क्रमशः 5वें और 6वें स्थान पर मौजूद हैं । दूसरी ओर, स्टार रेडर प्रदीप नरवाल शानदार प्रदर्शन के साथ फॉर्म में वापसी करते दिख रहे हैं। योद्धाओं की डिफेंस तिकड़ी - कप्तान नितेश, सुमित और आशु ने अपने कौशल का एक ठोस प्रदर्शन किया है। मैच से पहले यूपी योद्धा के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा कि, ह्लहमें खुशी है कि हम लगातार जीत रहे हैं।

# दुनियाभर में एक सप्ताह में कोविड के 1.8 करोड़ मामले मिले, 45 हजार की मौत

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक पिछले हफ्ते नए मामलों में 20 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस दौरान कुल 1.8 करोड़ नए मामले मिले हैं। उससे पहले के हफ्ते और महीने के शुरू में संक्रमण के मामले 50 फीसदी बढ़े थे। वहीं अमेरिका में संक्रमण की रोकथाम के लिए एन-95 मास्क बांटे जाएंगे। महामारी पर अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा है कि अफ्रीका को छोड़कर विश्व के हर क्षेत्र में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े हैं। अफ्रीका में संक्रमण के मामलों में एक तिहाई की कमी आई है। मरने वालों की संख्या लगभग समान रही है। पिछले हफ्ते भी विश्वभर में कोरोना महामारी के चलते करीब 45 हजार लोगों की मौत हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले हफ्ते के पहले वाले हफ्ते और इस महीने के शुरू में कोरोना संक्रमण के मामलों में 50 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। महामारी के सामने के बाद से किसी एक हफ्ते में संक्रमण के मामलों में यह सर्वाधिक वृद्धि थी।

मंगलवार को जारी रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि पिछले हफ्ते दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे ज्यादा 145 फीसदी नए मामले बढ़े हैं। पश्चिम एशिया में यह बढ़ोतरी 68 फीसदी रही है। सबसे कम अमेरिका और यूरोप में क्रमशः 17 और 10 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। विज्ञानियों ने कहा था कि अमेरिका और यूरोप में शायद ओमिक्रोन वैरिएंट के चलते आई लहर अपनी चरम को पार कर गई है।



**अमेरिका में आम लोगों को बांटे जाएंगे एन-95 मास्क**

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका अगले हफ्ते से 40 करोड़ एन-95 मास्क तैयार करने पर काम शुरू करेगा। इन्हें आम लोगों में बांटा जाएगा।

बाइडन सरकार ने अमेरिकी नागरिकों को ओमिक्रोन से बचाने के लिए यह कदम उठाया है। सरकारी की राष्ट्रीय भंडार रणनीति के तहत पहले ही उच्च सुरक्षा प्रदान करने वाले 75 करोड़ मास्क का निर्माण किया जा चुका है। ये मास्क दवा दुकानों और स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगे।

**चीन और पाकिस्तान में नए प्रतिबंध लागू**

चीन ने घरेलू संक्रमण के 55 नए कोविड-29 मामलों की पुष्टि की है। हेनान में 33 मामले, तियानजिन में 14, ग्वांगडोंग में सात और बीजिंग में एक केस की सूचना है। ताइपे टाइम्स के मुताबिक बीजिंग में अब यात्रियों को आने के लिए 72 घंटों के भीतर एक कोविड टेस्ट कराना होगा।

पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन बुधवार को कोविड-19 के 5 हजार से अधिक मामले सामने आने के बाद कोरोना के 10 फीसद से अधिक संक्रमण दर वाले वाले इलाकों में मौजूद इमारतों के अंदर जमावड़े पर पाबंदी लगा दी है। भवनों के अंदर होने वाले विवाह पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है। विवाह समारोहों को खुले परिसर में आयोजित करने को कहा गया है, जिसमें अधिकतम तीन सौ लोग शामिल हो सकते हैं। यह कदम नए कोविड उपायों के तहत उठाया गया। स्कूलों में 12 साल से कम उम्र के बच्चों की आधी संख्या को हफ्ते में तीन दिन ही बुलाए जाने की इजाजत है।

## ओमिक्रोन को हल्का समझने की भूल न करें, बहुत घातक है वैरिएंटः डब्ल्यूएचओ

**जेनेवा।** दुनियाभर में कोविड मामलों में लगातार बढ़ोतरी के बीच डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानो घेब्रेसिएसस ने चेतावनी दी है कि कोरोन वायरस के ओमिक्रोन वैरिएंट बहुत घातक है। यह दुनियाभर में अस्पतालों में मरीजों के बढ़ने और मौतों का कारण बन रहा है। उन्होंने ओमीक्रोन से होने वाले संक्रमण को कम असर बताने को भ्रामक बताते हुए कहा है कि इसे हल्का समझने की की भूल ना करें। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के अनुसार दुनियाभर में कोरोना मामलों के बढ़ने के बीच डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानो ने बताया कि वैश्विक कोरोना वायरस केस लोड 333.5



मिलियन से ऊपर है, जबकि मौतें 5.55 मिलियन से अधिक हो गई हैं और इसके साथ ही टीकाकरण 9.68 बिलियन से अधिक हो गया है। भारत में बुधवार को पिछले 24 घंटों में 2,82,970 ताजा कोविड मामलों की सूचना दी, जो पिछले दिन की गिनती से 18 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी है। एम घेब्रेसिएसस ने बुधवार को चेतावनी दी है कि कोरोना वायरस का ओमिक्रोन वैरिएंट दुनियाभर में अस्पताल में भर्ती और मौतों का कारण बन रहा है और लोग यह कहानी बना रहे हैं कि यह एक हल्की बीमारी है, जो भ्रामक तथ्य है। उन्होंने यह भी कहा कि ओमिक्रोन औसतन कम गंभीर हो सकता है लेकिन इस कम संक्रामक और हल्का बताना भ्रामक है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक नुकसान पहुंचाने के साथ अधिक अधिक लोगों की मौत हो सकती है। टेड्रोस के अनुसार, कोविड बहुत तेजी से फैल रहा है और कई लोग इसकी चपेट में हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कई देशों के लिए अगले कुछ सप्ताह स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मैं सभी से संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करने का आग्रह करता हूं ताकि आप व्यवस्था पर से दबाव कम करने में मदद कर सकें। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि ओमिक्रोन सहित कोविड-19 वायरस का हर वैरिएंट खतरनाक है और गंभीर बीमारी, मौत, म्यूटेशन के कारण कारण बन सकता है। इससे लड़ने के लिए हमारे पास मौजूद उपकरणों से इसके खतरे को कम करना है। उल्लेखनीय है कि कोरोना के नए ओमिक्रोन वैरिएंट की पहचान पहली बार पिछले साल नवंबर में दक्षिण अफ्रीका और बोत्सवाना में की गई थी।

## आम आदमी पार्टी की तर्ज पर पाकिस्तान में बनी नई पार्टी

### रिटायर मेजर जनरल खट्टक ने की घोषणा

**कराची।** पाकिस्तान में इमरान सरकार के खिलाफ जन विरोध बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में बुधवार को पाकिस्तान में भी भारत की आम आदमी पार्टी की तर्ज पर पाकिस्तान आम आदमी मूवमेंट (पाम) पार्टी बनाने की घोषणा की गई है। बुधवार को पूर्व सेना अधिकारी और राजनयिक सेवानिवृत्त मेजर जनरल साद खट्टक ने पाकिस्तान आम आदमी मूवमेंट (पाम) पार्टी की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी का मकसद सामंती राजनीति को खत्म कर आम आदमी को सत्ता में लाना है। बुधवार को कराची में नई पार्टी लॉन्च करते हुए जनरल साद खट्टक ने कहा कि वक्त आ गया है कि परिवारों, सामंतों और पूंजीपतियों को हटाकर आम आदमी सत्ता संभाले। उन्होंने कहा है कि मौजूदा न्याय प्रणाली न्याय देने में नाकाम रही है। पाम के




कार्यवाहक अध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने कहा है कि हमारी पार्टी एक वास्तविक लोकतांत्रिक पार्टी के तौर पर उभरेगी। उन्होंने कहा है कि हम महिला और युवाओं को जोड़कर पाकिस्तान में बदलाव लाना चाहते हैं।

जनरल साद खट्टक श्रीलंका में पाकिस्तान के हाई कमिश्नर रहे हैं। अपने 35 साल के सैन्य करियर के दौरान खट्टक कई ऑपरेशनल, ट्रेनिंग, मैनेजेरियल और लीडरशिप रोल से जुड़े रहे हैं। वह बालोचिस्तान और पूर्व में फाटा में सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। वहीं, पाकिस्तान के आर्थिक हालात को लेकर जमात-ए-इस्लामी ने भी इमरान खान सरकार के खिलाफ बड़े स्तर पर विरोध-प्रदर्शन की तैयारी शुरू कर दी है।

## चीन सरकार की वेबसाइट हैक, हैकरों ने भेजा ताइवान नुम्बा वान और ताइवान का ध्वज

**ताइपे।** बेनामी विकेंद्रीकृत अंतरराष्ट्रीय हैक्टिविस्ट समूह ने चीन की राष्ट्रीय वेबसाइट को हैक कर लिया है। हैकरों ने चीनी सरकार की वेबसाइट की सुरक्षा में सेंध लगा कर वेबसाइट पर "ताइवान नुम्बा वान" के साथ ताइवान का राष्ट्रीय ध्वज और प्रतीक अपलोड कर दिया है। हैकरों ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीपी) के खिलाफ विरोध जताते हुए अन्य संकेतों को भी भेजा है। इसके अलावा यूक्रेन में संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भी कहा गया है। बेनामी प्रतिनिधि एलाइज ओपी ओमी के अनुसार शुक्रवार (जनवरी 14) को देश के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय की सहायक कंपनी, पोलर रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ चाइना से संबद्ध एक चीनी सरकारी वेबसाइट पोलर डाट सीएन को हैक कर लिया। तब से वेबसाइट को हटा दिया गया है, जिसके बाद हैकरों ने इंटरनेट आर्काइव की वेबैक मशीन पर एक संग्रहित संस्करण सहेजा है। हैक्टिविस्ट्स ने वेबसाइट के "प्रोजेक्ट्स" सेक्शन के तहत "वी आर एनोनिमस!" शीर्षक का एक पेज बनाया है, जिसमें के तहत बेनामी लोगो दिखाई दिया, उसके बाद "ताइवान नुम्बा वान!" लिखा हुआ है।

## कोविड-19: जापान में तोक्यो सहित 13 स्थानों पर लागू होंगे नए प्रतिबंध

**तोक्यो।** जापान की सरकार कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर तोक्यो सहित 10 से अधिक क्षेत्रों में शुक्रवार से कोविड-19 संबंधी नई पाबंदियां लागू करेंगी। इसके तहत स्थानीय नेता भोजनालयों के खुले रहने की अवधि कम कर सकते हैं।

अर्थव्यवस्था पुनरोद्धार मंत्री डेशिरो यामागीवा ने बताया कि सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञों के पैनल ने बुधवार को 13 क्षेत्रों में तीन सप्ताह के लिए 13 फरवरी तक नए प्रतिबंधा लागू करने की योजना को मंजूरी दे दी।

यामागीवा वायरस से निपटने के लिए किए जाने वाले उपायों के कार्य के प्रभारी हैं।

जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा बुधवार को सरकारी कार्यबल की बैठक में आधिकारिक तौर पर नए उपायों की घोषणा कर सकते हैं।

तेजी से बढ़ते संक्रमण ने कुछ क्षेत्रों में अस्पतालों, स्कूलों और अन्य क्षेत्रों को काफी प्रभावित किया है।

## विश्व में गत सप्ताह कोरोना के एक करोड़ 80 लाख से ज्यादा मामले सामने आए: डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा।** विश्व में गत सप्ताह कोरोना वायरस संक्रमण के एक करोड़ 80 लाख से ज्यादा नए मामले सामने आए जो कि उससे पहले सप्ताह में सामने आए मामलों से 20 प्रतिशत ज्यादा थे।

इसके साथ ही वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के प्रसार में कमी देखी गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने यह जानकारी दी। कोविड-19 महामारी पर साप्ताहिक रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि दुनिया के हर क्षेत्र में संक्रमण के मामलों में वृद्धि देखी गई लेकिन अफ्रीका में मामलों की संख्या में लगभग एक तिहाई की गिरावट देखी गई।

पिछले एक सप्ताह में महामारी से लगभग 45,000 मरीजों की मौत हो गई। गत सप्ताह से पहले के सप्ताह में संक्रमण के मामलों में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

## अमेरिका: विस्कोन्सिन प्रांत में आवासीय भवन में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**केनोशा (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिणपूर्वी विस्कोन्सिन प्रांत में एक आवासीय भवन में आग लग जाने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

केनोशा अग्निशमन प्रमुख क्रिस्टोफर बिगले ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सूचना मिलने के बाद जब दमकलकर्मी रात करीब साढ़े नौ बजे मौके पर पहुंचे थे तब पूरा भवन धुएं से भर गया था और इसके पश्चिमी भाग में आग की लपटें उठ रही थीं। पुलिस अधिकारियों ने दमकलकर्मियों के पहुंचने से पहले भवन से कई लोगों को बाहर निकाल लिया था।बयान के मुताबिक, दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि केनोशा के एक पुलिस अधिकारी सहित कई घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

## अमेरिका में 40 करोड़ एन-95 मास्क वितरित किये जाएंगे

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन अगले सप्ताह से 40 करोड़ एन-95 मास्क तैयार करने पर काम शुरू करेगा। इन मास्क को अमेरिका में आम लोगों के बीच वितरित किया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार यह फैसला अमेरिकी नागरिकों को कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप से बचाने में मदद करने के लिये लिया गया है।

व्हाइट हाउस ने बुधवार को बताया कि इन मास्क का निर्माण सरकारी की राष्ट्रीय भंडार रणनीति के तहत किया जाएगा, जिसके तहत पहले ही उच्च सुरक्षा प्रदान करने वाले 75 करोड़ मास्क का निर्माण किया जा चुका है।

व्हाइट हाउस ने कहा कि ये मास्क देशभर में दवा दुकानों और स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगे। अगले सप्ताह के आखिर में इनका वितरण शुरू हो जाएगा।

## कोविड के 10 प्रतिशत से अधिक संक्रमण दर वाले इलाकों में पाक ने भवनों के अंदर जमावड़े पर पाबंदी लगाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कोरोना वायरस की 10 प्रतिशत से अधिक संक्रमण दर वाले वाले इलाकों में भवनों के अंदर जमावड़े पर पाबंदी लगा दी है। देश में लगातार दूसरे दिन बुधवार को कोविड-19 के 5,000 से अधिक मामले सामने आने के बाद संक्रमण के प्रसार की रोकथाम के लिए नये उपायों के तहत यह कदम उठाया गया। राष्ट्रीय कमान एवं अभियान केंद्र (एनसीओसी) ने एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद कई गैर-औषधीय उपायों की घोषणा की है।पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 5,472 नये मामले सामने आने के बाद नयी पाबंदियों की घोषणा की गई।

यह पिछले साल चार अगस्त को सामने आए 5,661 मामलों के बाद से प्रतिदिन की सर्वाधिक संख्या है। संक्रमण दर इस महीने की शुरूआत में एक प्रतिशत थी जो 9.48 प्रतिशत पर जा पहुंची है।भवनों के अंदर होने वाले विवाह पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है जबकि खुले परिसर में विवाह समारोह में अधिकतम 300 लोग शामिल हो सकते हैं। एनसीओसी ने एक बयान में कहा है कि भवनों के अंदर संचालित होने वाले भोजनालय सहित सभी तरह के जमावड़ों पर पाबंदी लगा दी गई है। एनसीओसी ने कहा स्कूलों में 12 साल से कम उम्र के बच्चों की आधी संख्या को सप्ताह में तीन दिन ही बुलाया जा सकेगा। हालांकि 12 साल से अधिक उम्र के बच्चों की उपस्थिति 100 फीसदी होगी। बयान में कहा गया है कि 12 साल से अधिक उम्र के सभी बच्चों का टीकाकरण अनिवार्य होगा।ये पाबंदियां 20 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रभावी रहेंगी। हालांकि, पाबंदी आगे बढ़ाने या हटाने के लिए 27 जनवरी को एक समीक्षा बैठक की जाएगी।

## मुंबई विस्फोटों के अपराधी पाकिस्तान में पांच-सितारा सुविधाओं का लुत्फ उठा रहे हैं

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने कहा है कि 1993 में मुंबई में हुए श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार अपराधी पाकिस्तान में पांच-सितारा सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं और उन्हें सरकारी संरक्षण मिला हुआ है। उनका परोक्ष इशारा अंतरराष्ट्रीय अपराधी दाऊद इब्राहीम की तरफ था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने मंगलवार को ग्लोबल काउंटर-टेररिज्म काउंसिल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक कार्रवाई सम्मेलन 2022 में कहा कि आतंकवाद और देशों के बीच संगठित अपराध के संपर्कों को पूरी तरह पहचाना जाना चाहिए तथा उन पर पुरजोर तरीके से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि 1993 के मुंबई बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार अपराधियों के सिंडीकेट को न केवल सरकारी सुरक्षा दी गयी है बल्कि वह पांच-सितारा सुविधाओं का लुत्फ उठा रहा है। तिरुमूर्ति के बयानों को डी-कंपनी और उसके सरगना दाऊद इब्राहीम से जोड़कर देखा जा रहा है जिसके पाकिस्तान में छिपे होने की बात मानी जाती है।

पाकिस्तान ने अगस्त 2020 में पहली बार अपने यहां दाऊद की मौजूदगी को कबूल किया था। इससे पहले, वहां की सरकार ने 88 प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके नेताओं पर पाबंदियां लगाई थीं, जिनमें भारत द्वारा वांछित अंतरराष्ट्रीय अपराधी दाऊद का भी नाम था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 2022 के लिए आतंकवाद निरोधक कार्रवाई समिति के अध्यक्ष तिरुमूर्ति ने कहा कि 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति समेत संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंध प्रणलियां आतंकवाद के वित्तपोषण, आतंकवादियों की यात्राओं को रोकने और आतंकवादियों तक हथियारों की पहुंच पर लगाम लगाने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इन उपायों का क्रियान्वयन चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। भारतीय राजदूत ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि परिषद द्वारा स्थापित सभी प्रतिबंध व्यवस्थाएं अपनी कार्य प्रणाली और निर्णय लेने में उचित प्रक्रिया का पालन करें। निर्णय लेने की प्रक्रिया और आतंकवादी संगठनों को सूचीबद्ध करने या सूची से हटाने के कदम उद्देश्यपरक, त्वरित, प्रामाणिक, साक्ष्य आधारित और पारदर्शी होने चाहिए तथा राजनीतिक एवं धार्मिक विचार-विमर्श के लिए नहीं होने चाहिए।

## नाटो की तैनाती पर प्रतिबंध से कम कुछ भी स्वीकार्य नहीं : रूस

**मॉस्को।** यूक्रेन के पास सैनिकों की तैनाती को लेकर अमेरिका के साथ जारी तनाव के बीच रूस सरकार ने कड़ा रुख बनाए रखा हुआ है। रूस के एक शीर्ष नेता ने बुधवार को चेताया कि मॉस्को को यूक्रेन में नाटो की तैनाती न करने को लेकर अमेरिका की स्पष्ट गारंटी से कम कुछ भी स्वीकार्य नहीं है। बीते हफ्ते जिनेवा में अमेरिका के साथ सुरक्षा वार्ता में रूसी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करने वाले उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने दोहराया कि मॉस्को का यूक्रेन पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि यूक्रेन में नाटो की तैनाती न करने को लेकर अमेरिका से गारंटी मिलना अनिवार्य है। जिनेवा में अमेरिका-रूस सुरक्षा वार्ता और ब्रसेल्स में नाटो-रूस बैठक यूक्रेन के पास लगभग एक लाख रूसी बलों की तैनाती के मद्देनजर हुई थी। पश्चिमी देशों को आशंका है कि यह तैनाती यूक्रेन पर हमले की तैयारियों के मद्देनजर हो सकती है। इस बीच, रूस ने अपने सुदूर पूर्वी क्षेत्र में बड़ी संख्या में तैनात सैनिकों को भी सहयोगी बेलारुस की सीमा की तरफ रवाना कर दिया है। बेलारुस की सीमा युक्रेन से लगती है। इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ने के आसार हैं।

क्षेत्र में जारी तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन युक्रेन सरकार को पश्चिमी देशों के समर्थन का भरोसा दिलाने के लिए बुधवार को कीव पहुंचे। उन्होंने सीमा पर रूसी बलों की तैनाती को रूस की जबरदस्त आक्रामकता करार दिया।

## तालिबान को वैश्विक मान्यता के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की उम्मीदों पर खरा उतरना होगाः चीन

**बीजिंग।** चीन ने अफगानिस्तान में तालिबान के अंतरिम शासन से कहा है कि उसे वैश्विक मान्यता के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। तालिबान ने वैश्विक समुदाय की मान्यता के पाने के लिए चीन से सहायता करने की अपील की थी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लीजियान ने मंगलवार को मीडिया से कहा, ह्लहम उम्मीद करते हैं कि अफगानिस्तान अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने, मुक्त और समावेशी राजनीतिक माहौल बनाने, नरम और विवेकपूर्ण घरेलू तथा विदेश नीति अपनाने और सभी तरह की आतंकवादी ताकतों से निपटने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की नयी सरकार को अन्य देशों, विशेष रूप से पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रवैया अपनाना चाहिए और जल्द से जल्द अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ एकजुट होना चाहिए। वैश्विक मान्यता के लिए तालिबान द्वारा चीन से मदद की अपील करने के सवाल पर झाओ ने यह कहा। चीन, तालिबान से ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामी आंदोलन (ईटीआईएम) पर नकेल कसने को कहता रहा है जो मुस्लिम बहुल इलाके शिंजियांग प्रांत में सक्रिय है। इस प्रांत की सीमा अफगानिस्तान से लगी हुई है। अभी तक किसी भी देश ने तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। अफगानिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुल्ला हसन अखुंद ने बुधवार को तालिबान सरकार को मान्यता देने की अपील करते हुए कहा, ह्लमैं सभी सरकारों, विशेषकर इस्लामी मुल्कों, से अपील करता हूं कि वे हमें मान्यता देना शुरू करें।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506